# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 26 अक्टूबर 2024



MAKE IN INDIA

STARSHINE®

QUALITY THAT MATTERS

## इस दिवाली, पुराना कचरा हटाओ

## STARSHINE लाओ, सही लाओ.

This Space Is A Reminder To Clean Your Home ©



**Mummy Ne Bola Hai Diwali Se Pehle**

**हर स्पेस साफ दिखना चाहिए**

ATUL

**Authorised Distributer : C & F BALAJI ENTERPRISES 9658456856**

**DEALER** | **RAIPUR:** Suraj Electronics 90390 04900, Lavkush Enterprises 9993844338, VandanaElectronics 9826366141,9589555555,Rahul Patra Bhandar 8889999489,Fun Music 9300414948, Friends Electronics 7771029557, Balaji Electro World 9407926022, Delux Marketing 8120059000, 9981475490, Harshu Enterprises 9009988999, Kanha Electronics and Furniture 8917433139, Manoj Enterprises Tikarapara 9827138677, Nishad TV Urla 9685017462, Shree Amit Sales 9827115640, Sindh Execlusive 9039094900, Zee Electronics 9425506003 I **RAJIM:**Shailesh Electronics 9302416494, Maa Kara Electronics 98265 08703, Himalaya Electronics 9826642526 I **ABHANPUR:**Bhairunath Electronics 9893701415 I **AARANG:** Deeksha Electronics 9977258421 I **MANDIRHASAUD:** Ravindra Electronics 9329467124 I **BHILAI:** Sawlani Traders 9993914000, Parakh Brothers 8319216002, Jagsons Enterprises: 7000790769, Naresh Enterprises 9425241414 I **DONGARGARH:**Bindal Electronics 7697978787 , Kesarwani Marketing 9425569228 I **DONGARGAON :** Chamma Electronics 9993399266 I **SARAIPALI :**Shree Electricals & Electronics 9691847410, Bhawani Electricals 9425202829 I **GARIYABAND:**Raza Traders 9981048601 I **PAKHANJORE:** Rajesh Electronics 6266221051 I **BANDE**: Sukendra Radio 9425599637 I **SIMGA :**Arun Electronics 8889866868 I **BALODABAZAR:**Kiran Furnitures & Electronics 9826145234, 9039736400I **SHEORINARAYAN:** Kesarwani Enterprises 9406085396 I **BANDHABAZAAR :** Thakkar Electronics 7999446799 I **PANDATARAI:** Shivam Mobile 9893424318 I **CHHURIYA :** Arihant Enterprises 9424238072 I **MAHASAMUND:** Kishore Radio 9302713300, Ashirvad Mobile 8959582001, Om mill and Store Bhandar 9926161616N I **BEMETARA:** J.S. Furniture 9993785719, Saluja Furniture 9685230050, Suresh TV and Enterprises 9981738385, Mohta Furniture & Electronics 9752035466, Arora Radio 9993785719 ,9425561359 I **KESHKAL:** Muskan Metal and Gift Corner 9893193992 I **NARAYANPUR:** Sidharth Electronics 7587809000, Raj Furniture 9424286760 I **BHANUPRATAPPUR:** Radio Corner 9424123811, Santoshi Electronics 9425593449 I **BIJAPUR:** Sanjay Trading Company 9425226664, Gupta Furniture Mart 9399260894 I **GANDAI:** Uttam Enterprises 9993250248 I **SUKMA:** Arihant Markating 7587883211, New Maheshwari Electronics 9406468000, Maheshwari Electrical 9406183540 I **KORAR:** Jagdamba Electronics 6260120137 I **DHAMTARI:** National Electronics 9770641677,Shree Electronics 9827113968,Ganpati Electronics & Electricals 9893317310 I **CHUIKHADAN:** Sony Electronic 8120872391, Dewangan Electronics 9399684041 I **SARIYA:** Munna ELECTRONICS 9752903139 I **JALBANDHA:** Om Electronics 9669056131, Isha Trading 8770048622 I **BHATAPARA:** Prakash Modi & Company 9826119411, Agarwal Sales 9039812354, Manoj Enterprises 8103413475, Verma Sales 8109569000 I **BERLA :** Vandana Electronic 7694069502, Deepak Cycle Store 9425562544 I **AHIWARA:** Mamta TV 7000767957 I **DHAMTARI:**Chitra Palace 91 8654806336 I **PATAN:**Shubham Enterprises 9977559869 I **RANITARAI:** Anil Enterprise9993241891, 7999076186, Neha Electronics 9752024691 I **RAJNANDGAON:** Shree Hari Om Electronic 9827107557, SK Furniture 7000727822, Bagadi Enterprises 9165666766, Lalani Platinum Radio Stores 9329107074 I **BODLA :** Shri Ram Furnitures 7869352888 I **KAWARDHA :** Gupta Electronic 9981650000, Lunia 8349191000

महाराष्ट्र चुनाव

सीईसी की बैठक में उम्मीदवारों के नाम पर हुआ मंथन

# मजबूत सीटें शिवसेना को देने से राहुल नाराज, छोड़ी मीटिंग

## महाराष्ट्र में 288 सीटों के लिए 20 नवंबर को वोटिंग, 23 नवंबर को आएंगे नतीजे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर दिल्ली में कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की दूसरी बैठक हुई. इस बैठक में उम्मीदवारों के नाम पर मंथन हुआ। सूत्रों के मुताबिक, विदर्भ, मुंबई और पश्चिम महाराष्ट्र की कुछ सीटें उद्धव ठाकरे की शिवसेना यूबीटी को देने पर राहुल गांधी ने नाराजगी जताई है। स्थिति ऐसी बन गई कि राहुल गांधी बैठक को बीच में ही छोड़कर बाहर निकल गए। हालांकि, इसके बाद भी सीईसी की बैठक करीब एक घंटे तक चलती रही। सूत्रों के मुताबिक, राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के कुछ ऐसे उम्मीदवारों के नाम पर एतराज जताया जिनके नाम बड़े नेताओं की ओर से आगे बढ़ाए गए थे। राहुल ने इन उम्मीदवारों के चयन की क्राइटेरिया पर भी नाराजगी जताई है।




### 'मोदी-शाह जितनी रैलियां करेंगे उतना हमें फायदा मिलेगा'

राहुल ने कहा कि कांग्रेस इस चुनाव में लोकसभा से अच्छा प्रदर्शन करेगी। महाराष्ट्र में एमवीए की सरकार आएगी। बैठक में राहुल गांधी को हमने सीट शेयरिंग की पूरी जानकारी दी. उन्होंने कहा कि मोदी और शाह जितनी रैलियां करेंगे उतना फायदा हमें होगा।

### कई बड़े नेताओं ने करीबियों का नाम आगे बढ़ाया है

सूत्रों के मुताबिक, महाराष्ट्र कांग्रेस के कुछ नेताओं ने कई सीटों पर टिकट देने के लिए अपने करीबियों या फिर रिश्तेदारों के नाम को आगे बढ़ाया है। कई नेता तो ऐसे भी हैं जो अपने परिवार के सदस्यों को लिए टिकट मांग रहे हैं। राहुल गांधी ने इस पर भी नाराजगी जताई है। सीईसी की बैठक के बाद महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि आज हमारी दूसरी लिस्ट जारी होगी और कल तीसरी लिस्ट जारी होगी। हमारा बेहतर प्रदर्शन महाराष्ट्र में आपको देखने को मिलेगा। महाराष्ट्र में पूरी बहुमत से महा विकास अघाड़ी की सरकार आएगी। हम कुछ सीटों की मांग कर रहे हैं।

## बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान अजीत की एनसीपी में शामिल

### बांद्रा ईस्ट से दिया है टिकट

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के पहले कांग्रेस को महाराष्ट्र में बड़ा झटका लगा है। बाबा सिद्दीकी के बेटे और बांद्रा ईस्ट से विधायक जीशान सिद्दीकी ने कांग्रेस का दामन छोड़ दिया। वह अजीत पवार की एनसीपी में हो गए। अजीत पवार और सुनील तटकरे की मौजूदगी में जीशान ने एनसीपी का दामन थामा. एनसीपी ने जीशान सिद्दीकी को बांद्रा ईस्ट विधानसभा से उम्मीदवार घोषित किया है। जीशान सिद्दीकी वर्तमान में बांद्रा पूर्व सीट से कांग्रेस के विधायक हैं। आज सुबह ही जीशान ने एनसीपी (अजित पवार) ज्वाइन की है। अपने पिता बाबा सिद्दीकी हत्या के 13 दिन बाद ही उन्होंने यह कदम उठाया




है। जीशान को कांग्रेस ने बाहर कर दिया था क्योंकि इनके पिता बाबा सिद्दीकी अजीत पवार की एनसीपी में शामिल हो गए थे। मगर जीशान पार्टी का विधायक होने थे पार्टी में रुके रहे।

### भाजपा के दो बड़े नेता ने भी थामा अजीत का हाथ

महाराष्ट्र बीजेपी नेता निशिकांत भोसले पाटील और पूर्व बीजेपी सांसद संजयकाका पाटिल आगामी चुनावों से पहले शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री अजित पवार की मौजूदगी में एनसीपी में शामिल हुए। वहीं एनसीपी में शामिल होने के बाद पूर्व बीजेपी सांसद संजयकाका पाटिल ने कहा, "एनसीपी महायुति का हिस्सा है। हमारे जिले की तासगांव कवठे महाकाल सहित दो विधानसभा सीट एनसीपी को मिली थी। वहीं महाराष्ट्र विधानसभा का चुनाव मुझे लड़ना था तो मैं एनसीपी में शामिल हो गया।

## ज्ञानवापी के पूरे परिसर का नहीं होगा एएसआई सर्वे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ज्ञानवापी मामले में वाराणसी की अदालत ने शुक्रवार को हिंद पक्ष की वह याचिका खारिज कर दी, जिसमें पूरे परिसर के एएसआई सर्वेक्षण की मांग की गई थी। हिंदू पक्षकार विजय शंकर रस्तोगी ने अपनी याचिका में तर्क दिया था कि मस्जिद के मुख्य गुंबद के नीचे भगवान आदि विशेश्वर का 100 फीट का विशाल शिवलिंग और अरघा स्थित है जिसका पेनिट्रेटिंग रडार की मदद से पुरातात्विक सर्वेक्षण होना चाहिए। साथ ही उन्होंने यह भी मांग की थी कि वजूखाने का भी सर्वेक्षण होना चाहिए जो पूर्व के एएसआई सर्वे में नहीं हुआ है. इसके अलावा बचे हुए तहखानों का भी सर्वेक्षण किया जाना चाहिए।

- हिंदू पक्ष की याचिका कोर्ट से खारिज



## सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को लगाई फटकार, कहा : 'तुच्छ याचिका'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को रिया चक्रवर्ती को राहत देते हुए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई ), महाराष्ट्र राज्य और आव्रजन ब्यूरो द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया। इस याचिका में सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले के बाद एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती, उनके भाई शोविक और उनके पिता के खिलाफ जारी लुक-आउट-सर्कुलर (एलओसी ) को बॉम्बे हाई कोर्ट द्वारा रद्द करने को चुनौती दी गई थी। जस्टिस बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की पीठ ने मौखिक रूप से कहा कि याचिका 'तुच्छ' थी और केवल इसलिए दायर की गई थी क्योंकि आरोपी 'हाई-प्रोफाइल' थे।

- सुशांत सिंह राजपूत मौत केस में रिया चक्रवर्ती को बड़ी राहत



एलएसी पर टकराव खत्म! पीछे हट रहीं दोनों देशों की सेनाएं

# देपसांग-डेमचोक से चीन ने उखाड़े तंबू, अब जल्द शुरू होगी पेट्रोलिंग

### दिवाली से पहले इन 2 इलाकों में पूरा होगा डिसइंगेजमेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पूर्वी लद्दाख सेक्टर में भारत और चीन के सैनिकों की डिसइंगेजमेंट शुरू हो गई है। दोनों पक्षों के बीच हुए समझौते के अनुसार यह कदम उठाया जा रहा है। रक्षा अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि पूर्वी लद्दाख सेक्टर में डेमचोक और देपसांग मैदानों में 2 बिंदुओं पर सैनिक पीछे हट रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय सैनिकों ने संबंधित क्षेत्रों में पीछे के स्थानों पर उपकरणों को वापस खींचना शुरू कर दिया है। जून 2020 में गलवान घाटी में हुई भीषण झड़प के बाद दोनों एशियाई देशों के बीच संबंध तनावपूर्ण हो गए थे। अब इस समझौते से भारत और चीन की सीमा पर टकराव खत्म होने का संकेत मिल रहा है। सैनिकों के विवादित जगहों से पीछे हटने को लेकर सूत्रों ने कहा कि इसमें समय लगेगा। हालांकि, अब यह प्रक्रिया शुरू हो गई



है। उन्होंने कहा, 'समझौते की घोषणा के तुरंत बाद ही डिसइंगेजमेंट की तैयारियां शुरू हो हुईं। अगले दिन स्थानीय कमांडरों की बैठक भी हुई थी।' सूत्रों का कहना है कि सैनिकों की ओर से अपने ट हटाने का मतलब यह नहीं है कि वे पीछे हट गए हैं। हालांकि, रास्ता रोक रहे अस्थायी ढांचों को हटा देने से गश्त शुरू हो जाएगी। इसके लिए समझौते के प्रति दोनों देशों की प्रतिबद्धता भी जरूरी है।

### देपसांग और डेमचोक में होगी गश्त

आर्मी के सूत्रों के मुताबिक, 28-29 अक्टूबर तक डिसइंगेजमेंट की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी और इस महीने के अंत तक गश्त शुरू हो जाएगी। इस दौरान शेड, टेंट और ट्रूप्स जैसे सभी अस्थायी ढांचे हटाएं जाएंगे। दोनों पक्ष क्षेत्र पर निगरानी रखेंगे। देपसांग और डेमचोक में गश्त पॉइंट वे पॉइंट होंगे, जहां हम अप्रैल 2020 से पहले पारंपरिक रूप से गश्त करते थे।

### 2020 से पैदा हुआ तनाव

*2020 में भारत-चीन के सैनिकों के बीच गलवान झड़प के बाद से देपसांग और डेमचोक में तनाव बना हुआ था। करीब 4 साल बाद 21 अक्टूबर को दोनों देशों के बीच नया पेट्रोलिंग समझौता हुआ। देपसांग और डेमचोक से पीछे हटने की जानकारी 18 अक्टूबर को सामने आई थी। इसमें बताया गया था कि यहां से दोनों सेनाएं अप्रैल 2020 से पहली की स्थिति में वापस लौटेंगी। साथ ही उन्हीं क्षेत्रों में गश्त करेंगी, जहां अप्रैल 2020 से पहले किया करती थीं। इसके अलावा कमांडर लेवल मीटिंग होती रहेगी।*

फेडरेशन के फैसले से हैं नाराज

## खेल मंत्री के घर के बाहर डटे पहलवान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बीते साल विनेश फोगाट, साक्षी मलिका और बजरंग पूनिया रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष के खिलाफ धरने पर बैठे थे। अब एक बार फिर पहलवानों ने खेल मंत्री के घर के खिलाफ जमावड़ा लगाया है। खिलाड़ी वर्ल्ड चैंपियनशिप में हिस्सा लेना चाहते हैं लेकिन रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के हाल के फैसले से यह संभव नहीं है। ऐसे में यह खिलाड़ी



खेल मंत्री से अपनी गुहार लगाने पहुंचे हैं। रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूएफआई) ने गुरुवार को सीनियर वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप से भारतीय टीम को हटा लिया था।

एनआईए का शिकंजा, बाहर चस्पा हुई नोटिस

## आतंकी पन्नू की चंडीगढ़ अमृतसर में संपत्ति जब्त

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने प्रतिबंधित संगठन 'सिख्स फॉर जस्टिस' (एसएफजे) के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू की चंडीगढ़ और अमृतसर में अचल संपत्तियां शनिवार को कुर्क कर लीं। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संपत्ति जब्त करने संबंधी नोटिस खालिस्तान समर्थक पन्नू के चंडीगढ़ स्थित



आवास के बाहर लगाया गया। एनआईए ने यह कार्रवाई गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम के तहत की गई है। पन्नू के चंडीगढ़ स्थित आवास के बाहर लगाई गई नोटिस में कहा गया है कि चंडीगढ़ के सेक्टर 15-सी के मकान नंबर 2033 का एक चौथाई हिस्सा एनआईए के मामले में घोषित अपराधी गुरपतवंत सिंह पन्नू के स्वामित्व वाला है।



हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## प. बंगाल व ओडिशा में लाखों लोग शिविर में, भुवनेश्वर-कोलकाता एयरपोर्ट बंद, ट्रेनों का संचालन अभी नहीं



02 मीटर तक उछलीं समुद्री लहरें

### शिविरों में 1600 बच्चे जन्मे, कई ने नाम रखा 'दाना'

*चक्रवाती दाना तूफान की तबाही को देखते हुए ओडिशा सरकार ने राहत शिविरों में लोगों को पहुंचा दिया था। सीएम माझी ने बताया कि चक्रवात के चलते 4,431 गर्भवती महिलाओं को वहीं बनाए गए स्वास्थ्य केंद्रों में शिफ्ट किया गया, जिनमें से 1,600 महिलाओं ने सुरक्षित रूप से बच्चों को जन्म दिया। इनमें से कई परिवारों ने नवजात शिशु का नाम 'दाना' ही रख दिया।*

- *20 सेंटीमीटर तक बारिश*
- *120 किमी हवा की रफ्तार कोलकाता में*
- *70 से 90 किमी हवा की रफ्तार पड़ोसी राज्यों में*
- *07 राज्यों में दिखा दाना का असर*

# 120 की रफ्तार से कहर बरपाकर शांत हुआ 'दाना'

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

चक्रवाती तूफान दाना गुरुवार देर रात ओडिशा के धामरा और भितरकनिका के बीच तट से टकराया। इस दौरान हवा की रफ्तार करीब 120 किलोमीटर घंटे रही। तूफान के चलते कोलकाता और ओडिशा में कई जगह भारी बारिश के कारण तबाही हुई। कई इलाकों में पेड़ और बिजली के खंभे गिर गए। मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ घंटों तक भारी बारिश और तेज हवाओं का सिलसिला जारी रहेगा। सरकार ने लोगों को सतर्क ▸▸ शेष पेज 2 पर



### ट्रेनें और फ्लाइट्स कैंसिल

दाना साइक्लोन का असर रेल और हवाई सेवाओं पर भी पड़ा है। कोलकाता और भुवनेश्वर एयरपोर्ट बंद कर दिया गया है। वहीं 500 से ज्यादा ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। ओडिशा और बंगाल में 16 घंटों के लिए उड़ानों पर रोक लगा दी गई है। तूफान के खतरे को देखते हुए बचाव दल एवं कोस्ट गार्ड की टीमें तैनात हैं।

### छत्तीसगढ़ में बढ़ी हवा की रफ्तार, छाए रहेंगे बादल कुछ स्थानों पर बारिश भी



*चक्रवाती तूफान दाना के ओडिशा के तटीय इलाके में टकराने का बहुत ज्यादा प्रभाव प्रदेश पर नहीं हुआ। इसके असर से सामान्यतः पांच से सात किमी. प्रतिघंटे चलने वाली हवा की गति पंद्रह किमी हो गई और मध्य हिस्से में बादल भी छाए रहे। अगले चौबीस घंटे में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश होने की संभावना है। हवा की गति बढ़ने की वजह से थोड़ी ठंड का अहसास हो रहा है। तूफान रात में अवदाब के रूप में तब्दील होगा, जिसके प्रभाव से ओडिशा से लगे जिलों में* ▸▸ शेष पेज 2 पर

## खबर संक्षेप

### इंडसइंड बैंक के शेयर में 18% की भारी गिरावट

**नई दिल्ली।** इंडसइंड बैंक के शेयरों में शुक्रवार को तगड़ी गिरावट आई है। शुरुआती कारोबार में ही शेयर करीब 18 फीसदी टूटकर 1,045.70 रुपए के भाव पर आ गया। यह पिछले 5 महीने में बैंक के शेयर में आई सबसे बड़ी इंट्राडे गिरावट है। इस गिरावट के पीछे मुख्य वजह सितंबर तिमाही के नतीजे रहे, जिसने निवेशकों को काफी निराश किया है। बैंक ने बताया कि सितंबर तिमाही में उसका शुद्ध मुनाफा करीब 39 फीसदी घटकर 1,325 करोड़ रुपए रहा, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 2,181.47 करोड़ रहा था।

### दस साल पुराने मामले में 98 को उम्रकैद की सजा



**नई दिल्ली।** कर्नाटक के कोप्पल जिले के गंगावती तालुक के मारकुंबी गांव में 28 अगस्त 2014 को हुए दलितों के खिलाफ हिंसा और पूरे गांव में आग लगाने के मामले में कोप्पल के प्रधान जिला और सत्र न्यायालय ने इस घटना में दोषी ठहराए गए 98 लोगों को उम्रकैद की सजा का ऐलान किया। इस मामले में कुल 101 लोगों पर आरोप लगाए गए थे। बचे तीन को पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई।

# मातृशक्ति का वंदन, राष्ट्रपति ने महिलाओं के खाते में डाले 651 करोड़, कहा-बच्चों को खूब पढ़ाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के हाथों शुक्रवार को छत्तीसगढ़ की करीब 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना की राशि ट्रांसफर की गई। नवा रायपुर के पुरखौती मुक्तांगन में आयोजित कार्यक्रम में इस 9वीं किस्त जारी की गई। इस योजना के तहत दिवाली से पहले राज्य की 69 लाख 68 हजार लाभार्थी महिलाओं के बैंक खाते में एक-एक हजार रुपए के मान से कुल 651 करोड़ 37 लाख रुपए की राशि ऑनलाइन अंतरित की गई। योजना के तहत अब तक राज्य की महिलाओं को कुल 5878 करोड़ 37 लाख रुपए की आर्थिक ▸▸ शेष पेज 2 पर




### सीएम साय सहित मंत्री हुए शामिल

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, केन्द्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू, कृषि मंत्री राम विचार नेताम, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, लोकसभा क्षेत्र रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक खुशवंत साहेब एवं रोहित साहू उपस्थित थे।

### राष्ट्रपति से बात जीवन का अनमोल क्षण

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से बात करना मेरे जीवन के सबसे अनमोल क्षणों में से एक है। मुझे देश की प्रथम महिला से बात करने का अवसर मिला, यह मेरा सौभाग्य है। ये कहना है बस्तर से पहुंची ममता कश्यप का। ममता बस्तर क्षेत्र की एक आदिवासी महिला है और महतारी वंदन योजना की हितग्राही है। उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना से मुझे आर्थिक सुरक्षा का अहसास होता है। हर महीने मुझे मोबाइल में नोटिफिकेशन का ▸▸ शेष पेज 2 पर

#### एम्स : 10 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक, 514 विद्यार्थियों को डिग्री

## मानवीय मूल्यों की मजबूती दया और करुणा से ही

*राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने शुक्रवार को एम्स के दूसरे और एनआईटी के 14वें दीक्षांत समारोह में मेडिकल और इंजीनियरिंग विद्यार्थियों को मेडल और उपाधियां प्रदान की। राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित संस्थान प्रमुख भी दीक्षांत में शामिल रहे। एम्स में 10 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक एवं 514 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गई। इसी तरह एनआईटी में विभिन्न ब्रांच के 11 टॉपर्स को स्वर्ण पदक दिए गए। यहां बीटेक-बीआर्क के 1044, एमसीए व एमटेक के 225 और पीएचडी के 170 विद्यार्थियों को उपाधियां दी* ▸▸ शेष पेज 2 पर



### तकनीक का विकास विज्ञान पर निर्भर

राष्ट्रपति सर्वप्रथम एम्स के दीक्षांत में शामिल हुईं। यहां उन्होंने कहा, मेडिकल प्रोफेशनल का कार्य अत्यंत जिम्मेदारी भरा होता है। उनके निर्णय जीवन रक्षा से जुड़े होते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि यहां से उत्तीर्ण चिकित्सक एवं पैरा मेडिकल छात्र इस जिम्मेदारी और उत्तरदायित्व ▸▸ शेष पेज 2 पर

### हिंदी में भी होगी एमबीबीएस की पढ़ाई

मुख्यमंत्री ने एम्स में मेडिकल छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, राज्य शासन ने छत्तीसगढ़ में एमबीबीएस की पढ़ाई हिन्दी में भी कराने का निर्णय लिया है, इससे विशेष रूप ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के बच्चों के लिए मेडिकल शिक्षा के अवसर बढ़ेंगे। एनआईटी में अपने संबोधन ▸▸ शेष पेज 2 पर

## पुलिस मुखबिरी के संदेह में दो ग्रामीणों की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

सुकमा जिले में बीते 24 घंटे में दो ग्रामीणों की पुलिस मुखबिरी के संदेह में नक्सलियों द्वारा हत्या किए जाने की खबर है। इनमें एक ग्रामीण की जहां धारदार हथियार से हत्या कर दी गई, वहीं दूसरे ग्रामीण का शव फांसी के फंदे पर झूलता हुआ मिला है। ▸▸ शेष पेज 2 पर



### एक की हत्या की खबर

*सूचना मिली है कि दो दिन पूर्व नक्सलियों ने एक ग्रामीण की हत्या कर दी है। वहीं दूसरे ग्रामीण का शव फंदे पर लटकता हुआ मिला है। संदेह है कि उसने आत्महत्या की है। यह नक्सली घटना है या नहीं, इसकी जांच की जा रही है।*

*- किरण गंगाराम चव्हाण*
*एसपी, सुकमा*

### गुलमर्ग आतंकी हमले में दो और सैनिक शहीद



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में बीते गुरुवार को किए गए आतंकवादी हमले में गंभीर रूप से घायल हुए दो जवानों ने आज दम तोड़ दिया। इसके साथ ही इस हमले में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर अब 4 हो गई है। वहीं यहां सैन्य बल के साथ काम करने वाले दो कुलियों की बीते गुरुवार को मौत हो गई थी। तीन सैनिकों सहित 4 लोग घायल हुए थे जिनमें से 2 सैनिकों ने बाद में दम तोड़ दिया है। बता दें कि गुरुवार को उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में गुलमर्ग से 6 किलोमीटर दूर आतंकवादियों ने सेना के एक वाहन पर हमला किया था।

### हेड कांस्टेबल ने खुद को मारी गोली

**बीजापुर।** भैरमगढ़ पातरपारा सीआरपीएफ 199 बटालियन में तैनात जवान ने सर्विस रायफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। जवान हरियाणा का रहने वाला बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार बुधवार को भैरमगढ़ के पातरपारा में तैनात हेड कांस्टेबल पवन कुमार ने दोपहर के 12 बजे के आस-पास अपने सर्विस रायफल से स्वयं को गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। हेड कांस्टेबल बटालियन के टावर मोर्चा नम्बर दो में तैनात था। वह हरियाणा के रेवाड़ी का रहने वाला था। हेड कांस्टेबल को उपचार के लिए भैरमगढ़ के अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।






## चिंतन

# नियम आधारित विश्व के पक्ष में भारत व जर्मनी

भारत और जर्मनी के संबंध ऐतिहासिक भी है और आधुनिक भी है। आजाद भारत की विकास यात्रा में जर्मनी का अहम योगदान है। जर्मन बिजनेस के 18वें एशिया-प्रशांत सम्मेलन में भाग लेने के लिए जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में हैं। यहां पीएम नरेन्द्र मोदी के साथ उनकी द्विपक्षीय वार्ता भी हुई है। इस दौरान भारत व यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) में तेजी लाने को लेकर बातचीत हुई है। एशिया-प्रशांत सम्मेलन में जर्मन चांसलर ने वैश्विक संघर्षों से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय कानूनों पर आधारित राजनीतिक समाधान की वकालत की है। मध्य पूर्व, दक्षिण और पूर्वी चीन सागर जैसे क्षेत्रों में तनाव और यूक्रेन व रूस की जंग के चलते विश्व की भू-राजनीतिक स्थिति विकट बनती जा रही है। शोल्ज के साथ हुई बातचीत के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने भी यूक्रेन और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष चिंता जताई है और शांति बहाली के लिए हर प्रयास में योगदान देने की बात कही है। पीएम मोदी ने 'संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सहित विभिन्न बहुपक्षीय ग्लोबल संस्थानों में सुधार की त्वरित आवश्यकता पर बल दिया। संयुक्त राष्ट्र में सुधार लंबित है। यूएन में स्थाई सदस्य की मांग के लिए बनी ग्रुप-4 में भारत व जर्मनी दोनो हैं, ब्राजील व जापान भी हैं। यूएन में सुधार को लेकर जर्मनी भी आकांक्षी देश है। जर्मन चांसलर बनने के बाद शोल्ज की यह तीसरी भारत यात्रा है, यह दोनों देशों के मजबूत संबंध को रेखांकित करता है। इस वक्त भारत व जर्मनी रक्षा, उच्च प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, हरित और सतत विकास जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ा रहे हैं। आजकल जर्मनी फोकस ऑन इंडिया रणनीति को आगे बढ़ा रहा है। जर्मनी को यूरोपीय संघ के लिए भारत जैसे बड़े बाजार की जरूरत है व भारत को निवेश व टेक की। जर्मनी भारत और 27 देशों के यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की वार्ता में शीघ्र निष्कर्ष निकालने का प्रयास कर रहा है। जर्मनी कुशल भारतीय ब्रेन को अपने यहां आकर्षित कर रहा है। पिछले वर्ष ही जर्मनी में काम करने वाले भारतीयों की संख्या में 23,000 की वृद्धि हुई। जर्मनी, ईयू में भारत का एक प्रमुख व्यापारिक साझेदार है। 2023-24 में भारत का जर्मनी को निर्यात करीब 10 अरब अमेरिकी डॉलर था, जबकि आयात 16.7 अरब डॉलर था। भारत को जर्मनी से अच्छा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) भी मिलता है। वित्त वर्ष 2023-24 में जर्मनी से एफडीआई 50.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर था। पीएम मोदी ने जर्मन कंपनियों को भारत में निवेश के लिए आमंत्रित भी किया है। उच्च प्रौद्योगिकी में भारत जर्मनी की विशेषज्ञता का लाभ ले सकता है। यूरोपीय राष्ट्र ने कुशल भारतीय कार्यबल के लिए वीजा की संख्या 20,000 से बढ़ाकर 90,000 कर दिया है। भारत कृत्रिम मेधा, सेमीकंडक्टर, हरित हाइड्रोजन और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में नए निवेश का आकर्षित भी कर रहा है। इसमें जर्मनी के लिए अवसर है। भारत द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जर्मनी संघीय गणराज्य के साथ राजनयिक संबंध स्थापित करने वाले पहले देशों में से एक था। जर्मनी, भारत को विकास परियोजनाओं में प्रति वर्ष 3 अरब यूरो का सहयोग भी देता है। ईयू बनने के बाद से भारत व जर्मनी के बीच प्रत्यक्ष संधि का अभाव है, पर ईयू के साथ करार में वह प्रमुख भूमिका निभाता है। हिंद्र प्रशांत में स्वतंत्र आवाजाही के भारतीय दृष्टिकोण के साथ जर्मनी साथ है। दोनों देश वैश्विक शांति, वैश्विक कल्याण व आपसी ट्रेड में मिलकर काम कर रहे हैं।

## दो टूक
सुशील देव




# प्रदूषण के कारण-निवारण को समझने की जरूरत

भारत की राजधानी दिल्ली इन दिनों प्रदूषण की समस्या से बुरी तरह जूझ रही है। खासकर, सर्दियों में यहां की हवा इतनी जहरीली हो जाती है कि इसे 'गैस चैंबर' तक कहा जाने लगा है। इस दौरान हवा में प्रदूषकों का स्तर इतना बढ़ जाता है कि अस्पतालों में सांस संबंधी बीमारियों के मरीजों की संख्या बढ़ जाती है और कई बार मौत की खबरें भी आने लगती हैं। सबसे अधिक बुजुर्ग और बच्चे इस जहरीली हवा का शिकार होते हैं। हालांकि, इस समस्या के कई कारण हैं, लेकिन इसे सुलझाने के लिए गंभीरता से प्रयास करने की जरूरत है। दिल्ली में प्रदूषण के कई प्रमुख स्त्रोत हैं, जिनमें पराली जलाना, वाहनों से निकलने वाला धुआं, निर्माण कार्य और औद्योगिक गतिविधियां शामिल हैं। दिल्ली के आसपास के राज्यों में फसल कटाई के बाद पराली जलाने की प्रथा अब भी जारी है, जो सर्दियों में वायु प्रदूषण को गंभीर स्तर तक पहुंचा देती है। इसके अलावा, दिल्ली-एनसीआर की सड़कों पर हर दिन लाखों वाहन दौड़ते हैं, जो वायु प्रदूषण के मुख्य कारणों में से एक हैं। शहर में लगातार हो रहे निर्माण कार्य भी हवा में धूल के कणों को बढ़ाता है, जिससे प्रदूषण की स्थिति और बिगड़ जाती है। दिल्ली की यमुना नदी का प्रदूषण भी एक गंभीर समस्या है। गंदगी से भरपूर नालों का पानी सीधे नदी में गिरता है, जिससे नदी का जल दूषित हो जाता है। इसके अलावा, दिल्ली में ठोस कचरे का सही निपटारा नहीं हो पाता, जिससे सड़कों पर गंदगी फैलती है और वातावरण प्रदूषित होता है। ध्वनि प्रदूषण भी शहर में एक बड़ी समस्या है। एक अध्ययन के मुताबिक इससे कई लोग धीरे-धीरे बहरेपन के शिकार बन रहे हैं। इन सभी कारणों ने मिलकर दिल्ली की हवा और पानी दोनों को बुरी तरह से प्रभावित किया है। दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार दोनों ही प्रदूषण से निपटने के लिए कई योजनाएं और अभियान चलाते हैं। पराली जलाने की समस्या से निपटने के लिए भी सरकारें विभिन्न उपाय कर रही हैं। सड़कों पर पानी का छिड़काव और धूल को बैठाने के लिए केमिकल का इस्तेमाल भी किया जाता है, साथ ही कई सारे अन्य उपाय भी। इन सबके बावजूद कोई फर्क नहीं पड़ रहा। सरकारी प्रयास भी नाकाफी साबित हो रहे हैं। हर साल की तरह इस साल भी ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के तहत अलग-अलग चरणों में प्रदूषण नियंत्रण के उपाय लागू किए गए, और क्रमशः ग्रेप-1 और ग्रेप-2 लागू किए गए। सच्चाई यह है कि जब तक स्थिति बिगड़ नहीं जाती, तब तक इन उपायों को गंभीरता से लागू नहीं किया जाता। एक प्रमुख कारण यह भी है कि सरकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन नहीं हो पाता। कई बार सरकारी विभाग एक-दूसरे पर आरोप मढ़ते रहते हैं, और समस्या वहीं की वहीं रह जाती है।

सरकार को चाहिए कि वह लोगों को प्रदूषण के खतरों और उसके निवारण के उपायों के बारे में शिक्षित करे। प्रदूषण नियंत्रण के उपायों को सफल बनाने के लिए जनता की भागीदारी जरूरी है। उदाहरण के लिए, निजी वाहनों की जगह सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने से प्रदूषण को काफी हद तक कम किया जा सकता है।आखिर दिल्ली की जमीनी हकीकत क्या है? प्रशासन ने कचरा जलाने पर रोक तो लगा रखी है, लेकिन इसका पालन करने की गंभीरता कहीं दिखाई नहीं देती। कई इलाकों में लोग बेधड़क सड़कों और गलियों में कचरा जलाते हैं, जिससे प्रदूषण और बढ़ जाता है।लोगों को इस बारे में जागरूक करने के लिए कैंप लगाए जाने चाहिए, जहां उन्हें यह सिखाया जा सके कि कचरा जलाने से कितना नुकसान होता है और इसके विकल्प क्या हो सकते हैं। इसके अलावा, निर्माण स्थलों पर धूल को नियंत्रित करने के उपायों का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। सरकारी अधिकारियों और आम जनता के बीच तालमेल बढ़ाकर ही इस समस्या का समाधान निकाला जा सकता है। दिल्ली को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए केवल सरकारी योजनाओं और अभियानों पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। हर नागरिक को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। हम सभी को छोटे-छोटे कदम उठाने की जरूरत है, जैसे वाहनों का कम से कम उपयोग, सार्वजनिक परिवहन का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल, अपने आस-पास सफाई बनाए रखना और कचरा जलाने से बचना। सरकार को चाहिए कि वह प्रदूषण के दीर्घकालिक समाधान की दिशा में काम करे, जिसमें स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देना, हरियाली को बढ़ाना और उद्योगों पर सख्त नियंत्रण शामिल है। यही समय है, जब हमें इस दिशा में गंभीर कदम उठाने चाहिए। भविष्य में प्रदूषण से बचने के लिए आज ठोस उपाय करना अनिवार्य है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# दक्षिण में आबादी बढ़ाने की अपील क्यों



**मुद्दा**
कल्लोल चक्रवर्ती

**दक्षिण भारत से आबादी बढ़ाने की आवाज तब उठ रही है, जब भारत जनसंख्या के मामले में चीन को पछाड़ कर दुनिया का पहला देश बन चुका है। यही नहीं, दक्षिण के दो मुख्यमंत्रियों ने अपने यहां आबादी बढ़ाने की बात तब कही है, जब केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार जनसंख्या नियंत्रण को बड़ा मुद्दा बनाने की तैयारी में है। राजनीतिक तौर पर देखें, तो चंद्रबाबू नायडू के रुख ने भाजपा को उलझन में डाल दिया है। जनसंख्या नियंत्रण की बात करने वाली भाजपा नायडू और नीतीश के समर्थन से ही केंद्र की सत्ता में है। बेशक नायडू ने आंध्र प्रदेश समेत पूरे दक्षिण भारत में लोगों से आबादी बढ़ाने की अपील की है, लेकिन भाजपा के लिए नायडू की अपील असहज करने वाली है।**

दक्षिण भारत के दो राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने सीधे-सीधे या प्रकारांतर से अपने यहां जनसंख्या बढ़ाने की बात कही है, तो यह अनायास नहीं है। पहले आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने अपने राज्य के लोगों को ज्यादा बच्चे पैदा करने की बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार दो से ज्यादा बच्चे वाले नागरिकों के हित में कानून बनाने जा रही है। गौरतलब है कि विगत 27 जुलाई को आयोजित नीति आयोग की बैठक में चंद्रबाबू नायडू ने राज्यों को अपनी जनसांख्यिकी प्रबंधन नीति तय करने की बात कही थी। इसके करीब एक पखवाड़े के बाद आंध्र की नायडू सरकार ने उस पुराने कानून को रद कर दिया, जिसमें यह प्रावधान था कि सिर्फ वही लोग स्थानीय निकायों के चुनावों में भाग ले सकते हैं, जिनके दो से ज्यादा बच्चे न हों। गौर करने की बात है कि अब तक चंद्रबाबू नायडू जनसंख्या नियंत्रण की बात करने के लिए जाने जाते थे। उधर, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने भी एक आयोजन में कहा कि पहले हमारे बुजुर्ग नवविवाहितों को 16 तरह की संपत्ति प्राप्त करने का आशीर्वाद देते थे, लेकिन अब 16 बच्चे पैदा करने की स्थिति आ गई है। उनका कहना था कि हमारी आबादी कम हो रही है, जिसका असर हमारी लोकसभा सीटों पर भी पड़ेगा। चूंकि परिसीमन के तहत सीटें आबादी के अनुपात में बढ़नी हैं, ऐसे में उत्तर भारत की तुलना में दक्षिण भारत को नुकसान होने की आशंका है। हालांकि चंद्रबाबू नायडू की तरह स्टालिन ने लोगों से सीधे-सीधे ज्यादा बच्चे पैदा करने की बात नहीं कही।

आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के कांग्रेस नेताओं ने चंद्रबाबू और स्टालिन का समर्थन किया है, जबकि चंद्रबाबू के विरोधी वाईएसआर कांग्रेस ने इस पर सवाल उठाए हैं। अलबत्ता कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश का कहना है कि चूंकि दक्षिण भारत के राज्य परिवार नियोजन में अग्रणी रहे हैं, लिहाजा उन्हें परिसीमन में दंडित नहीं किया जाना चाहिए। दक्षिण भारत से आबादी बढ़ाने की आवाज तब उठ रही है, जब भारत जनसंख्या के मामले में चीन को पछाड़ कर दुनिया का पहला देश बन चुका है। यही नहीं, दक्षिण के दो मुख्यमंत्रियों ने अपने यहां आबादी बढ़ाने की बात तब कही है, जब केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार जनसंख्या नियंत्रण को बड़ा मुद्दा बनाने की तैयारी में है।

राजनीतिक तौर पर देखें, तो चंद्रबाबू नायडू के रुख ने भाजपा को उलझन में डाल दिया है। जनसंख्या नियंत्रण की बात करने वाली भाजपा नायडू और नीतीश के समर्थन से ही केंद्र की सत्ता में है। बेशक नायडू ने आंध्र प्रदेश समेत पूरे दक्षिण भारत में लोगों से आबादी बढ़ाने की अपील की है, लेकिन भाजपा के लिए नायडू की अपील असहज करने वाली है। दक्षिण भारत की चिंता दरअसल यह है कि वहां प्रजनन दर में भारी कमी आई है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे या एनएफएचएस-5 (2019-21) के मुताबिक, भारत में कुल प्रजनन दर (टी.एफ.आर.) घटकर 2.0 रह गई है।

सबसे ज्यादा प्रजनन दर बिहार में-3.0 है। उत्तर प्रदेश में यह 2.4, झारखंड में 2.3 तथा मध्य प्रदेश और राजस्थान में 2.0 है। सबसे कम प्रजनन दर सिक्किम में 1.1 है। यह दर गुजरात और हरियाणा में 1.9, ओडिशा में 1.8, महाराष्ट्र में 1.7 और पश्चिम बंगाल में 1.6 है। इसकी



तुलना में दक्षिण भारतीय राज्यों में कुल प्रजनन दर- तमिलनाडु, केरल और तेलंगाना में 1.8, तथा आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में 1.7 है। दक्षिण भारत में औसत प्रजनन दर घटकर 1.6 रह गई है।

अगर यह दर और गिरी, तो वर्ष 2047 में दक्षिणी राज्यों में बुजुर्गों की संख्या ज्यादा हो जाएगी। आज की बात करें, तो आंध्र प्रदेश समेत दक्षिण भारत में अनेक गांव ऐसे हैं, जहां सिर्फ बुजुर्ग बचे हैं। दरअसल घटती प्रजनन दर और बढ़ती जीवन प्रत्याशा के कारण उत्तर की तुलना में दक्षिण भारत में बुजुर्गों की आबादी बढ़ रही है। प्रजनन दर के गिरने की वजह है-लोगों का शिक्षित होना, स्वास्थ्य सुविधाओं की बढ़ती पहुंच, कामकाजी महिलाओं की बढ़ती तादाद, गर्भावस्था में बच्चों को संभाल पाने की चुनौती और शादी में हो रही देरी। यूएनएफपीए (संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष) के अनुसार, वर्ष 2046 में भारत की बुजुर्ग आबादी बच्चों की आबादी से अधिक हो जाएगी और 2050 तक भारत की 20 प्रतिशत से ज्यादा जनसंख्या बुजुर्ग हो जाएगी। आबादी घटने से दक्षिण भारत को दो बड़े नुकसान हैं। एक तो वहां कार्यशील यानी युवा आबादी की तुलना में वृद्धों की संख्या ज्यादा हो जाएगी, जिससे राज्यों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। जापान और यूरोप के कुछ देशों के बाद चीन भी अब इस समस्या का सामना कर रहा है। लेकिन दूसरा बड़ा नुकसान राजनीतिक है। वर्ष 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले वर्ष 2026 में सीटों का परिसीमन होना है, जो समय के साथ जनसंख्या में होने वाले परिवर्तनों को दर्शाने के लिए चुनावी सीटों को फिर से निर्धारित करने से संबंधित है। इससे पहले परिसीमन वर्ष 1976 में हुआ था। चूंकि परिसीमन के तहत लोकसभा की सीटों में वृद्धि जनसंख्या के अनुपात में होनी है, लिहाजा उत्तर भारत की तुलना में दक्षिण भारत में सीटें कम बढ़ने के आसार हैं। गौरतलब है कि दक्षिण भारत की समृद्धि के कारण उन पर प्रति व्यक्ति अधिक कर लगाया जाता है, क्योंकि उनकी आबादी कम है।


दूसरी तरफ करों के केंद्रीय हस्तांतरण में उन्हें कम हिस्सा दिया जाता है, क्योंकि आवंटित राशि जनसंख्या पर निर्भर करती है। अतीत में सभी राज्य अप्रत्यक्ष करों के माध्यम से राजस्व जुटाते थे, जिससे उन्हें अपनी नीतियां तैयार करने की वित्तीय आजादी मिलती थी। लेकिन जी.एस.टी. की शुरुआत के साथ राज्यों के पास अपने स्तर पर वित्त जुटाने की गुंजाइश कम रह गई है, और वे संघीय हस्तांतरण पर अधिक निर्भर हो रहे हैं। और अब दक्षिण भारत को कम जनसंख्या का नुकसान लोकसभा की सीटों पर भी होगा।

इससे दक्षिणी राज्यों की राजनीतिक सौदेबाजी की क्षमता कम हो जाएगी। द्रमुक, अन्नाद्रमुक और टी.डी.पी. जैसे दलों की राजनीति तो दशकों से केंद्र सरकार के साथ राजनीतिक सौदेबाजी के जरिये ही चल रही है। होने वाले परिसीमन से चिंतित दक्षिण के राजनीतिक दल पहले ही कह चुके हैं कि सिर्फ जनसंख्या के कारण उनका प्रतिनिधित्व कम नहीं होना चाहिए। लेकिन अनुमान लगाया जा रहा है कि परिसीमन से लोकसभा की सीटें अभी की 543 से बढ़कर 753 हो जाएंगी। इनमें से दक्षिण भारत के पांच राज्यों की लोकसभा सीटें मौजूदा 129 से बढ़कर 143 हो जाने का अनुमान है, यानी मात्र 11 प्रतिशत की वृद्धि। दूसरी तरफ, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश और राजस्थान में लोकसभा की कुल सीटें मौजूदा 174 से बढ़कर 284 हो जाने की उम्मीद है, यानी 63 फीसदी की वृद्धि। दक्षिण की सीटें आनुपातिक रूप से कम हो जाने पर संसद में दक्षिण भारत की आवाज भी मद्धिम पड़ जाएगी, जिसका उसे चौतरफा नुकसान होगा। आबादी बढ़ाने की उसकी अपील को इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## शिव के अंश से जन्म होने पर मनुष्य ज्ञानी होता है



संकलित
**दर्शन**

साधक दो प्रकार के होते हैं। एक प्रकार के साधक का स्वभाव बंदर के बच्चे की तरह होता है, दूसरे प्रकार के साधक का स्वभाव बिल्ली के बच्चे की तरह। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े हुए उससे लिपटा रहता है, पर बिल्ली का बच्चा स्वयं मां को नहीं पकड़ता, मां उसे जहां छोड़ दे, वहीं पड़ा रहता है। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े रहता है, इसलिए अगर कभी उसका हाथ छूट जाए तो वह गिर पड़ता है और उसे चोट पहुंचती है। पर बिल्ली के बच्चे को यह भय नहीं है, क्योंकि उसे उसकी मां स्वयं पकड़कर एक जगह से दूसरी जगह ले जाती है। इसी प्रकार, ज्ञानयोगी या कर्मयोगी साधक बंदर के बच्चे की तरह स्वयं के प्रयत्न से मुक्तिलाभ करने का प्रयास करता है, परंतु भक्त साधक ईश्वर को ही एकमात्र कर्ता जानकर बिल्ली के बच्चे की तरह उन्हीं के चरणों में निर्भय होकर निश्चित पड़ा रहता है। ज्ञानी कहता है सोहम्। मैं ही वह शुद्ध आत्मा हूं। परंतु भक्त कहता है, अहा, यह सब उनकी ही महिमा है। यह सब कुछ मैं हूं, यह सब कुछ तुम हो, तुम स्वामी हो, मैं सेवक-इन तीन भावों में से किसी भी एक में दृढ़ रूप से प्रतिष्ठित होने पर ही भगवत्प्राप्ति होती है। शिव के अंश से जन्म होने पर मनुष्य ज्ञानी होता है। उसका मन सदा ब्रह्म सत्य, जगत मिथ्या, इसी बोध की ओर जाता है। विष्णु के अंश से जन्म हो तो प्रेम-भक्ति होती है। उसके मन से प्रेम-भक्ति कभी नहीं जाती।

## ईश्वर ने मेरे भाग्य में क्या लिखा है



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार स्वामी विवेकानद जी अपने आश्रम में एक छोटे पालतू कुत्ते के साथ टहल रहे थे। तभी अचानक एक युवक उनके आश्रम में आया और उनके पैरों में झुक गया और कहने लगा- स्वामीजी मैं अपनी जिंदगी से बड़ा परेशान हूँ। मैं प्रतिदिन पुरुषार्थ करता हूँ लेकिन आज तक मैं सफलता प्राप्त नहीं कर पाया। पता नहीं ईश्वर ने मेरे भाग्य में क्या लिखा है, जो इतना पढ़ा-लिखा होने के बावजूद भी मैं नाकामयाब हूँ। युवक की परेशानी को स्वामीजी ने तुरंत समझ लिया। उन्होंने युवक से कहा- भाई! थोड़ा मेरे इस कुत्ते को कहीं दूर तक सैर करा दो। उसके बाद मैं तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर दूंगा। उनकी इस बात पर युवक को थोड़ा अजीब लगा लेकिन दोबारा उसने कोई प्रश्न नहीं किया और कुत्ते को दौड़ाते हुए आगे निकल पड़ा। कुत्ते को सैर कराने के बाद, जब वह युवक आश्रम में पहुंचा तो यह देखा कि युवक का चेहरा तेज है लेकिन उसका छोटा कुत्ता थक के जोर-जोर से हांफ रहा था। स्वामीजी ने पूछा- भाई, मेरा कुत्ता इतना कैसे थक गया? तुम तो बड़े शांत दिख रहे हो। क्या तुम्हें थकावट नहीं हुई? युवक ने कहा- स्वामीजी, मैं धीरे-धीरे आराम से चल रहा था, लेकिन मेरा कुत्ता अशांत था। सभी जानवरों के पीछे दौड़ता था, इसीलिए बहुत थक गया था। तब विवेकानंद ने कहा- भाई, तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर तो यही है! तुम्हारा लक्ष्य तुम्हारे आसपास है, लेकिन तुम उससे दूर चलते हो। अन्य लोगों के पीछे दौड़ते रहते हो और तुम जो चाहते हो वह दूर हो जाता है। युवक ने विवेकानंद के उत्तर से संतुष्ट होकर अपनी गलती को सुधारने का निर्णय लिया। अतः अपने लक्ष्य पर ध्यान रखो और भटकाने वाली सोच से दूरी बनाओ।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**प्रदूषण पर राजनीति नहीं, काम करो**

हमारे देश में सबसे बड़ी और जानलेवा समस्या वायु प्रदूषण पर भी राजनीति होती है। माना कि सर्दियों में वायु प्रदूषण का एक कारण पराली जलाना हो सकता है, लेकिन क्या पहले पराली नहीं जलाई जाती थी? पिछले कुछ वर्षों से ही पराली क्यों वायु प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण माना जा रहा है? अब तो कुछ किसान पराली को शायद नहीं जलाते हैं। क्या वायु प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण बढ़ती जनसंख्या के कारण कंक्रीट के जंगलों की बढ़ोतरी नहीं? क्या दिन प्रतिदिन बढ़ती वाहनों की संख्या वायु प्रदूषण का कारण नहीं? सड़कों के निर्माण के लिए जो धड़ाधड़ वृक्षों पर कुल्हाड़ी चल रही है, क्या इससे पर्यावरण साफ-सुथरा रहेगा? महात्मा गांधी ने कहा था कि आधुनिक शहरी औद्योगिक सभ्यता में ही उसके विनाश के बीज निहित हैं। प्रदूषण पर राजनीति नहीं, काम करने की जरूरत है। - **संदीप उपाध्याय**, दुर्ग

## ट्रेंड

### मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड



चांसलर स्कोल्ज से मिलकर और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करके खुशी हुई जो भारत-जर्मनी मित्रता को गति प्रदान करेंगे। हमारे देशों के पास विकासात्मक सहयोग का एक मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड है और हम आने वाले समय में इसे और बेहतर बनाने की उम्मीद करते हैं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### खतरे के साये में कश्मीरी



केंद्र सरकार कश्मीर में सुरक्षा और शांति स्थापित करने में पूरी तरह से विफल रही है। उनके दावों के विपरीत, हकीकत यह है कि प्रदेश निरंतर आतंकी गतिविधियों, हमारे जवानों पर हमलों व नागरिकों की हत्याओं के कारण खतरे के साये में जी रहा है।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### भविष्य का नया खनिज



भारत में चांदी चमक रही है। चांदी की मांग न केवल इसके पारंपरिक उपयोगों से बल्कि बड़े पैमाने पर औद्योगिक मांग से प्रेरित है। यह भविष्य का नया महत्वपूर्ण खनिज है।

-अनिल अग्रवाल, उद्यमी

### एआई की दुनिया




एआई शिखर सम्मेलन से मैं अचंभित हूं! मुझे एआई की विस्मयकारी दुनिया से परिचित कराने के लिए प्रकाश जैन और इंस्पिरा को धन्यवाद। भविष्य यहीं है, यह बढ़ रहा है। भारत इसके साथ बढ़ रहा है!

-अक्षय कुमार, अभिनेता

## करंट अफेयर

# चुनाव सर्वे में ट्रंप को हैरिस से मामूली बढ़त हुई प्राप्त


अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव को लेकर जारी एक सर्वेक्षण में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार और अपनी प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस से मामूली बढ़त बनाए हुए हैं। अमेरिकी अखबार 'द वॉल स्ट्रीट जर्नल' द्वारा किये गए एक राष्ट्रीय सर्वेक्षण में बताया गया है कि देश के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप, हैरिस से दो प्रतिशत अंक यानी 47 प्रतिशत से 45 प्रतिशत आगे हैं। 'सीएनबीसी ऑल-अमेरिका इकोनॉमिक सर्वे' के अनुसार, डोनाल्ड ट्रंप अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस से 48 प्रतिशत से 46 प्रतिशत की बढ़त बनाए हुए हैं, जो अगस्त से अपरिवर्तित है। समाचार चैनल ने बताया कि अमेरिका के अहम सात राज्यों में पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप हैरिस से 48 प्रतिशत से 47 प्रतिशत आगे हैं। अमेरिका के सभी प्रमुख राष्ट्रीय और क्षेत्रीय सर्वेक्षणों पर नजर रखने वाले 'रियलक्लियरपॉलिटिक्स' के अनुसार, उपराष्ट्रपति कमला हैरिस राष्ट्रीय स्तर पर ट्रंप से 0.3 प्रतिशत अंकों की मामूली बढ़त बनाए हुए हैं। दूसरी ओर, देश के अहम सात राज्यों में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार 0.9 प्रतिशत अंकों से आगे हैं। ये अहम सात राज्य एरिजोना, नेवादा, विस्कॉन्सिन, मिशिगन, पेंसिल्वेनिया, उत्तरी कैरोलाइना और जॉर्जिया हैं।



## ऑफ बीट

# टाइप 2 मधुमेह में आहार नियंत्रण से सुधार संभव

टाइप 2 मधुमेह में हृदय रोग, गुर्दे का बेकार होना और आंखों की दृष्टि संबंधी समस्याएं शामिल हैं। टाइप 2 मधुमेह से पीड़ित लोगों के लिए व्यायाम और दवा के साथ-साथ आहार रक्त शर्करा को प्रबंधित करने का एक महत्वपूर्ण तरीका है। हमारे नए अध्ययन में रक्त शर्करा के स्तर पर समय-निर्धारण के आधार पर आहार के प्रभाव को देखा गया - आप क्या या कितना खाते हैं के बजाय आप कब खाते हैं इस पर ध्यान केंद्रित किया। हमने पाया कि इसके परिणाम एक मान्यता प्राप्त आहार विशेषज्ञ की व्यक्तिगत सलाह के समान थे। निर्धारित समय पर भोजन क्या है? समय निर्धारण के आधार पर भोजन, जिसे 16:8 आहार के रूप में भी जाना जाता है, 2015 के आसपास वजन घटाने के लिए लोकप्रिय हो गया। अध्ययनों से पता चला है कि यह टाइप 2 मधुमेह से पीड़ित लोगों के लिए रक्त शर्करा को प्रबंधित करने का एक प्रभावी तरीका है। समय निर्धारण संबंधी आहार में आप जो खाते हैं उस पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय प्रत्येक दिन आपके द्वारा किए जाने वाले भोजन का समय शामिल है।



**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




## खिलाड़ियों ने कम स्ट्रोक में गेंद को होल तक पहुंचाने का किया अभ्यास

### सुबह से शाम तक चलेगा मैच

चैंपियनशिप के अंतिम दिन से सुबह 6 बजे से शाम 4 बजे तक गोल्फ खिलाड़ियों के बीच प्रतियोगिता चलेगी। इस दौरान गोल्फ प्रेमी भी मैच देख सकते हैं। प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार 10 लाख रुपए के साथ ट्राफी मिलेगी। रनर अप को 6 लाख रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय समापन में खिलाड़ियों को पुरस्कृत करेंगे।





# प्रैक्टिस मैच में गोल्फ खिलाड़ियों ने मैदान में बिताया समय, आज 20 राज्यों के बीच कड़ा मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नया रायपुर में आयोजित नेशनल गोल्फ चैंपियनशिप के दूसरे दिन गोल्फ खिलाड़ियों के बीच अभ्यास मैच खेला गया। इस दौरान खिलाड़ियों ने कम स्ट्रोक में गेंद को होल तक पहुंचाने प्रयास किया। गोल्फ मैदान में कैडी के साथ दिनभर समय बिताया और मैदान का चारों दिशाओं से जायजा लिया। ऊंचाई और ढलान वाली जगहों पर स्ट्रोक कर गेंद को होल के करीब पहुंचाया। बता दें कि शनिवार को चैंपियनशिप का समापन होगा। इससे पहले 20 राज्यों के टीम के बीच गोल्फ खेला जाएगा। प्रत्येक टीम में 6 खिलाड़ी होंगे। प्रतियोगिता को लेकर तैयारी पूरी हो चुकी है। खिलाड़ियों के हर शॉट पर रोमांच देखने को मिलेगा। कम शॉट पर गेंद को लक्ष्य तक पहुंचाने का खिलाड़ी प्रयास करेंगे। पहली बार राजधानी में नेशनल गोल्फ चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है, जिसे लेकर लोगों में उत्साह भी है। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के गोल्फ खिलाड़ी को नेशनल खिलाड़ियों के साथ गोल्फ खेलने का मौका मिलेगा।

### खिलाड़ियों के लिए इंपोर्ट की गई गोल्फ गाड़ी

नेशनल गोल्फ चैंपियनशिप में खिलाड़ियों को महानगरों की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी आधुनिक सुविधाएं मिल रही हैं। इसके लिए खास गोल्फ की गाड़ी आयोजकों ने इंपोर्ट किया गया है, जो शॉट खेलने के बाद मैदान में इलेक्ट्रिक गाड़ी की मदद से गेंद तक पहुंचते हैं। बता दें कि गोल्फ में एक राउंड पूरा करने में करीब 4 घंटे 30 मिनट का समय लगता है। खिलाड़ियों को वह सभी सुविधाएं दी जा रही हैं, जो नेशनल प्रतियोगिता में मिलती हैं।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### केजरीवाल पर हमले को लेकर आरोप-प्रत्यारोप



**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर पदयात्रा के दौरान विकासपुरी में हमले की कोशिश हुई। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी सहित आप ने आरोप लगाया कि भाजपा के लोगों ने यह हमला किया। पुलिस ने भाजपा के लोगों को नहीं रोका। अगर केजरीवाल पर हमला होता है तो इसके लिए बीजेपी जिम्मेदार होगी। वहीं दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेव ने कहा कि यह सरकार के खिलाफ जनविरोध है, जो सामने आ रहा है। पूर्व सीएम व विधायक को नागरिकों ने घरों में आ रहा गंदा पानी पीने कहा तो वे भड़क गए।

### परिजन ने शव लेने से किया इंकार, जिला मुख्यालय छावनी में तब्दील

# थाने में मौत पर हंगामा, जवानों पर पथराव, एएसपी पर भीड़ ने फेंकी चप्पल, थानेदार-सिपाही सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलरामपुर/अंबिकापुर

पुलिस कस्टडी में एनएचएम के प्यून की मौत के बाद बलरामपुर जिले में बवाल मच गया है। युवक का शव गुरुवार की दोपहर थाने के अंदर फांसी पर लटका हुआ था। इस घटना के बाद आक्रोशित भीड़ ने थाने का घेराव कर जमकर तोड़फोड़ की जबकि दूसरे दिन भी जिले में बवाल जारी रहा। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए जिला मुख्यालय को छावनी में तब्दील कर न्यायिक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पांच डॉक्टरों की टीम से मृतक का पीएम कराया गया। इधर परिजन व समाज के लोगों ने शव लेने से इंकार कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस व प्रदर्शनकारियों के बीच झूमा झटकी हुई। भीड़ ने पुलिस पर पथराव किया जबकि महिलाओं ने महिला एएसपी पर चप्पल फेंक दी। बवाल के बीच भागते समय गिरकर ▶▶|शेष पेज 2 पर





### जांच शुरू हो चुकी

पुलिस कस्टडी में युवक की मौत के मामले में मचे बवाल के बीच आईजी अंकित गर्ग खुद बलरामपुर पहुंच गए हैं और एसपी वैभव बैंकर के साथ स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास कर रहे हैं। ▶▶|शेष पेज 2 पर

### टीआई, आरक्षक निलंबित

इस मामले में प्रारंभिक रूप से टीआई व आरक्षक को एसपी ने निलंबित कर दिया है। एसपी वैभव बैंकर द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि गुम इंसान की जांच के क्रम में महत्वपूर्ण साक्ष्य एवं संदेह के आधार पर सूचक गुरुचंद मंडल आ. शांतिराम मंडल को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की जा रही ▶▶|शेष पेज 2 पर

### ग्रामीणों का आक्रोश चरम पर

शुक्रवार को घटना के दौरान ग्रामीणों का आक्रोश चरम पर था। पुलिस अधिकारियों की लाख समझाइश के बाद भी ग्रामीण मानने को तैयार नहीं थे। इस दौरान परिजन का कहना था कि दोषी पुलिसकर्मियों पर एफआईआर दर्ज हो, मृतक के परिजन को मुआवजा राशि, शासकीय नौकरी दी जाए। दोपहर में ▶▶|शेष पेज 2 पर

### चल रही है न्यायिक जांच

थाने में गुमशुदगी का मामला दर्ज हुआ था। महिला के पति के साथ ही उसके भाई ने भी एक लिखित शिकायत दी थी। गुमशुदगी के मामले में कई बिंदुओं पर जांच चल रही थी। जांच में साक्ष्य व संदेहों के आधार पर युवक को पूछताछ के लिए लाया गया था। इस दौरान उसने थाने के बाथरूम में अपने गमछे से फांसी लगा ली। इस मामले में प्रथम दृष्टया लापरवाही पर टीआई व आरक्षक को निलंबित किया गया है। अब इस मामले की न्यायिक जांच चल रही है। न्यायिक जांच में जो निष्कर्ष निकलकर सामने आएगा वो सर्वमान्य होगा।

**- वैभव बैंकर,** एसपी

# सीएम ने आतंकी को सजा दिलाई, बम से उड़ाएंगे कई होटल




हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिरूपति

तिरूपति जिले में कई होटलों को बम की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। लीला महल सेंटर के तीन होटलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। होटल के मालिक ने पुलिस को मामले की जानकारी दी है। होटल मालिक को मिले मेल में दूसरे होटलों को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली है।

- तिरुपति में आए मेल से हड़कंप

### क्या लिखा है धमकी में

पुलिस की जांच में पता चला कि धमकी भरे मेल में कहा गया कि तमिलनाडु में आतंकी जफर सादिक को सजा दी गई है। सजा दिलाने में मुख्यमंत्री स्टालिन ने मदद की है। इसलिए आईएसआई धमाके करने की कोशिश करेगी। इसका असर सीएम स्टालिन पर पड़ेगा। परिवार के साथ-साथ तमिलनाडु के कुछ स्कूल भी इसकी चपेट में आएंगे।

### आज भी बम से उड़ाने की मिली धमकी

इधर, भारतीय विमानन कंपनियों द्वारा संचालित 25 से अधिक घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को शुक्रवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली। 'इंडिगो' के प्रवक्ता ने कहा कि कोझिकोड से दम्मम जाने वाली 6ई 87 उड़ान समेत सात उड़ानों को सुरक्षा से संबंधित सूचना मिली। सूत्रों ने कहा कि इंडिगो, विस्तारा और स्पाइसजेट की सात-सात उड़ानों जबकि एअर इंडिया की कई उड़ानों को धमकियां मिलीं।





*Limited period offer. Call your nearest Hero dealership now.

Visit us in **RAIPUR**: Near Anupam Garden, Great Eastern Road — THE CHHATTISGARH AUTO CARES, 7428481018 | **DURG**: Pulgaon, Near Bharti College — UTSAV WHEELS, 08048247226. **Certified range by Govt. certified agency. Real-world range of 110 km. Certified and Real-world range may vary depending on riding style, road/vehicle conditions, and vehicle models.




**Raipur: Swastik Sales Enterprises,** Ph: 8770899177, 8770598006; **R C Motors,** Ph: 9522272732, 9522272725; **Raipur Yamaha Auto Care,** Ph: 9111824000, 9039324000; **Bhilai: Ishan Autoworld,** Ph: 8602121212, 8871212121; **Dhamtari: Shivam Planets,** Ph: 8889070333; **Jagdalpur: Laxmi Trading Company,** Ph: 9406006000, 9074040740; **Rajnandgaon: Padmawati Bike World,** Ph: 9993876300, 9174429000; **Durg: Ishan Autoworld,** Ph: 8602121212, 8871212121; **Balaoda Bazar: A.K Motors,** Ph: 8839652169, 9669195169; **Rajim: Ambilkar Motors,** Ph: 8120132200, 9111344150; **Pakhanjur: Ansu Automobiles,** Ph: 8770899177; **Saraipali: Sweety Automobile,** Ph: 9179060000; **Kanker: Shivam Global,** Ph: 8889070444; **Bolangir: Jairam Motors,** Ph: 6372703005, 8117911265; **Bargarh: Shivam Motors,** Ph: 9938120588, 797856321; **Sonepur,** Ph: 9937535378; **Khariar,** Ph: 9556605754; **Padampur,** Ph: 9777767175; **Attabira,** Ph: 8018927369; **Titlagarh,** Ph: 8249952614.

## खबर संक्षेप

### 3 दिन से कोमा गांव में फैला है डायरिया, 49 लोग बीमार



**महासमुंद**। जिले के खल्लारी विधानसभा के ग्राम कोमा में डायरिया की शिकायत सामने आई है। पिछले 3 दिन से यहा लोगों को उल्टी दस्त की शिकायत हैं। तकरीबन 49 लोगों को बागबाहरा अस्पताल तथा कुछ को महासमुंद जिला अस्पताल सहित एक गंभीर मरीज को रायपुर भी रेफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार अब तक 49 लोगों को उल्टी दस्त की शिकायत सामने आई है। ग्राम के पंचायत भवन में चंद्रकुमार दीवान व नंदू दीवान को ड्रिप भी लगाया गया। मनोत्री बाई पति श्यामो को महासमुंद से रायपुर रेफर किया गया है, उसी प्रकार कई मरीज स्वेच्छा से महासमुंद के एक निजी अस्पताल में भर्ती हुए हैं और कई लोग बागबाहरा में भर्ती हैं। ग्रामवासियों ने बताया कि बाजार के पास और पानसिंह के घर के पास नल चालू बंद करने का वाल्व के पास हमेशा गंदा पानी भरा रहता है, ऐसा माना रहा है कि उसी से पानी रिवर्स जा रहा होगा। साथ ही सभी ग्रामीणों से पानी को उबाल के पीने और साफ-सफाई रखने का आह्वान भी किया।

### बड़े कैडर के साथ काम किए माओवादियों पर था कुल 24 लाख का इनाम

# 10 लाख के इनामी दंपती सहित छह नक्सलियों ने किया सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

कोंटा एरिया कमेटी व पामेड़ एरिया कमेटी में लम्बे समय से सक्रिय छह नक्सलियों को सरेंडर कराने में सुरक्षा बलों को सफलता मिली है। पुनर्वास नीति एवं नियद नेल्ला नार योजना से प्रभावित होकर सरेंडर करने वाले नक्सलियों में एक दंपती इनामी 10 लाख रुपए सहित कुल 24 लाख रुपए के हार्डकोर माओवादी शामिल है।

10 लाख ईनामी नक्सल दम्पति एवं एक महिला व पुरूष नक्सली पर 5-5 लाख एवं दो पुरूष नक्सली पर 2-2 लाख रुपए कुल 24 लाख रुपए का ईनाम घोषित था। सभी सरेंडर नक्सलियों को प्रोत्साहित कराने में जिला बल, डीआरजी की विशेष सूचना शाखा सुकमा एवं रेंज फिल्ड टीम आरएफटी कोंटा सहित सेकंड व 50वीं बटालियन तथा 212, 217, 219 बटालियन सीआरपीएफ की विशेष भूमिका रही ।



### सरेंडर करने वाले में ये है शामिल

हार्डकोर नक्सलियों में सरेंडर करने वाले महिला नक्सली कमला उर्फ बण्डी पति पवन उर्फ कमलू हेमला सिलगेर एलओएस कमाण्डर एसीएम ईनामी 5 लाख निवासी पामलूर थाना किस्टाराम, पवन उर्फ कमलू हेमला पिता सुक्कू दक्षिण सब जोनल ब्यूरो प्रेस टीम लेपटॉप आपरेटर एसीएम ईनामी 5 लाख निवासी सावनार मूकापारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, बण्डू उर्फ बण्डी सोड़ी दक्षिण सब जोनल ब्यूरो समन्वय दलम एसीएम ईनामी 5 लाख निवासी आमापेंटा थाना किस्टाराम, महिला नक्सली माड़वी नागुल सुशीला किस्टाराम एलओएस डिप्टी कमाण्डर एसीएम ईनामी 5 लाख निवासी ग्राम बडेकेवाल थाना चिंतागुफा, कुंजाम रोशन उर्फ महादेव प्लाटून नम्बर चार का पार्टी सदस्य ईनामी 2 लाख निवासी भण्डारपदर थाना भेज्जी सहित दशरू उर्फ कोटेश पूर्व सीसीएम सुदर्शन उर्फ दूला दादा का गार्ड पामेड़ एरिया कमेटी पार्टी सदस्य ईनामी 2 लाख निवासी बुर्कलंका थाना किस्टाराम ने आज नक्सल संगठन को छोड़कर समाज की मुख्यधारा में जुड़ने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आनंद सिंह राजपुरोहित डीआईजी, सूरजपाल सिंह वर्मा डीआईजी सीआरपीएफ तथा एसपी किरण चव्हाण, दीपक कुमार श्रीवास्तव कमांडेंट 212 वाहिनी सीआरपीएफ, कर्मवीर सिंह यादव द्वितीय कमान अधिकारी 219 वाहिनी सीआरपीएफ, अभिषेक वर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुकमा एवं मनीष रात्रे उप पुलिस अधीक्षक नक्सल आप्स सुकमा, राकेश कुमार ठाकुर सहायक कमांडेंट सेकंड बटा. के समक्ष बिना हथियार के सरेंडर किया।

### कनगलतोंग के जंगल में हुई मुठभेड़, घायल साथियों को लेकर भागे नक्सली

**जगदलपुर**। सुकमा जिले के भेज्जी थाना क्षेत्र स्थित कनगलतोंग के जंगल में नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में दो नक्सलियों के घायल होने की खबर है। जिन्हें उनके साथी साथ में लेकर भागने में सफल रहे। सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि गुरुवार को नक्सलियों की कोंटा एवं किस्टाराम एरिया कमेटी सदस्यों के मौजूदगी की सूचना पर डीआरजी व बस्तर फाइटर की संयुक्त टीम ग्राम कंगालतोंग, मैलासुर, बुर्कलंका व गच्चनपल्ली दंतेशपुरम क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना हुई थी। अभियान के दौरान शुक्रवार सुबह ग्राम कंगालतोंग से लगे जंगल-पहाड़ी में पुलिस पार्टी को देखकर नक्सलियों की ओर से फायरिंग शुरू की गई। जवानों ने भी तत्काल मोर्चा संभाल जवाबी फायरिंग की गई। दोनों ओर से रूक रूककर फायरिंग होती रही। इसी बीच पुलिस को भारी पड़ता देख नक्सली जंगल का आड़ लेकर भागने लगे। बताया जा रहा है कि गोली बारी में दो नक्सली घायल हुए जिन्हे उनके साथी लेकर भागने में सफल रहे। सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ स्थल से नक्सल सामग्री व अन्य सामान बरामद किया है। मुठभेड़ में सभी जवान सुरक्षित है तथा इलाके में लगातार सर्चिंग की जा रही है।

# फिर दबोचे गए दो अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर, 245.105 किलो गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा



जिला पुलिस प्रशासन को नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी कामयाबी मिली है। इसी कड़ी में कुकदुर पुलिस ने अवैध गांजा तस्करी करने वाले दो अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 245.105 किलो ग्राम गांजा बरामद किया है जिसका बाजार मूल्य लगभग 61,27,625 रुपए आंका गया है।

गिरफ्त में आए दोनो गांजा तस्करों के खिलाफ नारकोटिक एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है वहीं तस्करी में प्रयुक्त एक वाहन को भी जप्त किया है। प्राप्त जानकारी कें अनुसार गत 24 अक्टूबर को कुकदुर पुलिस को अपने मुखबिर के जरिए इस बात की सूचना मिली थी कि कुछ लोग एक एक टाटा 1109 वाहन में गांजा की बड़ी खेप लेकर कुकदुर थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाले पंडरिया-बजाग मार्ग से होते हुए मध्यप्रदेश की ओर जा रहे हैं।

इस सूचना के बाद तत्काल हरकत में आई कुकदुर पुलिस ने इसकी जानकारी अपने वरिष्ठ अधिकारियों को दी और उनके दिशा निर्देश पर एक टीम गठित कर मुखबिर से मिली जानकारी के अनुसार पंडरिया-बजाग मार्ग में बैरिकेटिंग कर वाहनो की तलाश शुरू कर दी। इसी दौरान पुलिस ने मार्ग से गुजर रहे टाटा 1109 वाहन को दबोच लिया और वाहन सवार बबलू सिंह आयु 35 वर्ष निवासी उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर तथा शिवकुमार आयु 28 वर्ष निवासी रायबरेली को दबोच लिया।

# पर्यटन की आड़ में तस्करी, तीन लोगों से 4.78 लाख का गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर में पर्यटक बनकर पहुंचे एमपी के तीन तस्करों से पुलिस ने लाखों रुपए का गांजा जब्त किया है। तीनों बस स्टैंड के करीब शुलभ शौचालय में बारी- बारी से फ्रेश हो रहे थे, तभी बोधघाट पुलिस ने रेड मारकर गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 4.78 लाख का गांजा जब्त कर गिरफ्तार करने के बाद जेल भेजा गया। गांजा तस्करी की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं सीएसपी आकाश श्री श्रीमाल के पर्यवेक्षण में बोधघाट थाना प्रभारी लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई के लिए रवाना किया गया था। टीम जब नए बस स्टैंड पहुंची तब तीन युवक सुलभ शौचालय में बारी बारी फ्रेश हो रहे थे। टीम द्वारा उन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। उनके पास रखे पिट्ठू बैग की तलाशी लेने पर गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में उन्होंने पुलिस को गुमराह करते हुए स्वयं को पर्यटक बताते हुए बस्तर घूमने आने की बात कही। गांजा बरामद होने के बाद तीनों को गिरफ्तार कर थाने लाया गया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम सुग्रीम सिंह नेताम उम्र 18 वर्ष10 माह, राजबली सिंह कुसरो 18 वर्ष 20 दिन तथा योगेश सिंह कुसरो 18 वर्ष 3 माह तीनों निवासी ग्राम ठाड़ी पथर थाना कुसमी जिला सीधी मध्यप्रदेश का निवासी होना बताया। आरोपियों के कब्जे से 47 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। जिसकी अनुमानित कीमत 4 लाख 78 हजार 260 रुपए आंका गया है।

### ओडिशा के तस्कर ने जगदलपुर में दी थी डिलिवरी

एमपी के सीधी निवासी मुख्य सरगना के कहने पर तीनों तस्करों को जगदलपुर में ओडिशा के तस्कर द्वारा डिलीवरी दी गई थी। जिसे लेकर तीनों आरोपी बस से एमपी जाने की फिराक में थे। लेकिन फ्रेश होने के दौरान पुलिस ने तीनों को दबोचकर गिरफ्तार करने में सफल रही। मामले में पुलिस ओडिशा के तस्कर व एमपी के मुख्य सरगना की तलाश कर रही है।


epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**हमाल/कुली/मिस्त्री**

आवश्यकता है- रायपुर में सड्डू बँजरपारा स्थित दाल मिल में कार्य हेतु हमाल/रेजा/कुली/दाल मिस्त्री की आवश्यकता है संपर्क करें। कन्हैयालाल संतोषकुमार दाल मिल बंजरपारा सड्डू विधान सभा रोड रायपुर- 9826141178. (RO-5987)

**सिक्योरिटीगार्ड**

आवश्यकता है- CMS सेक्यूरिटी (क्लिक मैंनेजमेंट सेल्यूशन) मे पुलगांव चौक, दुर्ग हेतु सेक्यूरिटी गार्ड की आवश्यकता है। वेतन 10000/- बायोडाटा सहित संपर्क करें:- B-8, आठवा फ्लोर, उषाइस्टेट, मोवा, रायपुर, मोबाइल 6261505253, 8738020009.(RO-328)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- रायपुर शहर हेतु कुशल, अनुभवी कार ड्राइवर की आवश्यकता है। पुरानी बस्ती, लाखेनगर, अश्वनीनगर, रायपुरा निवासी को प्राथमिकता। लाइसेंस, आधार कार्ड सहित संपर्क करें :- 9329100263. (RO-904)

**इंचार्ज/क्लर्क**

आवश्यकता है- सी.एस.डी. कैंटीन रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर के लिए जे.सी.ओ. इंचार्ज 21000/-, स्टोर होल्डर-, 18000/-, बिलिंग क्लर्क और बिल चेकर- 15000/-, ऑफिस क्लर्क- 16000/- एवं सफाई कर्मी- 10700/-, आवेदन Email-id-hqcosaurc1985@gmail.com पर दिनांक 30 अक्टूबर 2024 तक करे। अधिक जानकारी के लिए https://www.hqcosaraipururc.in पर विजिट करें। संपर्क:- 9685726593. (RO-3058)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**घरेलु/कुक कार्य**

आवश्यकता है- तेलीबांधा के आगे, वी.आई.पी. चौक के पास रायपुर में घर का झाड़ू पोछा, कपड़ा बर्तन, साफ सफाई व शुद्ध शाकाहारी खाना बनाने हेतु पुरूष/महिलाये चाहिए। ग्रामीणों को प्राथमिकता पान, गुटका, तंबाखू या किसी तरह का नशा न करने वाले व शाकाहारी ही संपर्क करें 9300593000. (RO-1227)

**शॉपिंग मॉल**

आवश्यकता है- VPS किराना स्टोर्स , और VPS किराना सुपर बाजार में सभी प्रकार का काम करने हेतु इस काम के लिये 18 वर्ष से ऊपर के अनेक युवक युवती कर्मचारी चाहिये , अपने आधार कार्ड परिचय पत्र के साथ VPS में आकर मिले ,संपर्क , VPS SUPER BAZAR , पता , VPS कल्याण कॉम्प्लेक्स भाठागाँव रायपुर छत्तीसगढ़ VPS CALL & WHATSAPP नंबर 8109 199 199.(RO-M)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**सुपरवाइजर/ड्रायवर**

SUPERVISOR/ ENGINEER/DRIVER
JOB VACANCY
Required at Bhilai Steel Plant/ NSPCL area Bhilai under Contracts Works for Construction Company.
Supervisor - 10 Post Diploma/BE (CIVIL)
Driver - 5 Post (JCB/Tripper/Pickup)
Contacts : TABS ASSOCIATES
Cell : 7587095237

**सेल्स मैनेजर/सेल्समैन**

आवश्यकता है- स्वीट शॉप हेतु अनुभवी सेल्स मैनेजर, सेल्समैन व सेल्सगर्ल्स की आवश्यकता है. आकर्षक वेतन. संपर्क: स्वीट इंडिया, मोतीबाग, रायपुर. मोबाइल: 8839006103, 9329599987. संपर्क समय 2 से 6 (RO-1003)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- टेली कॉलर एवं ऑफिस कार्य हेतु एक स्मार्ट, युवती/ महिला की आवश्यकता है बायोडाटा सहित संपर्क करें:- 96690-15599 पता: बी-35, कटोरा तालाब, सिविल लाइन, रायपुर(RO-3061)

**कुक**

आवश्यकता है- जनता कॉलोनी, देवेन्द्र नगर रायपुर में घरेलू काम हेतु फुल टाइम काम वाली बाई की आवश्यकता है। रहने, खाने की उत्तम व्यवस्था। सम्पर्क करें- 7327097200.(RO-35763)

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- मोमो ठेला के लिए लड़का चाहिए शाम 4 बजे से रात 11 बजे का काम है NIT raipur के पास, 8k-10k महीना call- 7057391715. (RO-27612)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**हेल्पर**

आवश्यकता है- अग्नि शमन पाइप लाइन में कार्य करने हेतु हेल्पर की अतिशीघ्र आवश्यकता है। संपर्क-14 रविशंकर शुक्ला मार्केट पावर हाऊस भिलाई ,मो.- 93290-11025, 97545-04465. (आरो न.-611)

**अन्य**

आवश्यकता है- आकर्षक ऑफर, पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार, लड़के - लड़कियां, महिलाऐ - पुरुष पैकिंग (24500 से 64500) महीना कमाऐ, फन्ड + बोनस- 8929276015.. 8929276138..(RO-509)

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500/-) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें :- 9102935834. (RO-3051)

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है। संपर्क करें- 7450945537, 9040788128.(RO-750)

आवश्यकता है- (दीपावली सुनहरा अवसर) आवश्यकता है जरूरतमंद लोग की आयुवेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए संपर्क करें शिक्षित / बेरोजगार जरूरतमंद लड़कें- लड़कियाँ हाउस वाइफ घर बैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम / फुलटाइम 30,500/- से 45,500/- महीना कमाएं (जरुरतमंद लोग WHATSAPP या कॉल करें) NOC -2150/- +91 62673 24667 (RO-1333)

हरिभूमि क्लासीफाईड

आवश्यकता है- Fraud कॉल से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के, लड़कियों , गृहणियां कमाए ( 18000-55000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ SMS/ WhatsApp/ करें -07903284986. (RO-503)

**Property प्रापर्टी**

**प्लाट**

प्लॉट उपलब्ध है- दिवाली धमाका-दया नगर रिसाली में आवासीय डायवर्टेड प्लाट उपलब्ध रेट 1299/वर्गफ़ीट,साइज-2400 एवं 900 वर्गफीट,बैंक लोन कंस्ट्रक्शन सुविधा उपलब्ध- 9589886655 /9589046655.(आरो -609)

**जमीन**

जमीन बेचना है- नेशनल हाईवे रोड से लगा हुआ 14 एकड़ का संयुक्त प्लाट, उद्योग, हाउसिंग कॉलोनी एवं रिसोर्ट के लिए उपयुक्त फ्रंट आधा किलोमीटर शीघ्र बेचना है संपर्क- 9425517543, 9165420005. (RO-5985)

**Purchase खरीदना**

खरीदना है- 100 Horse Power की सेकेंड हैंड टिपटॉप कंडीशन की मोटर खरीदना है। सम्पर्क करें- 7987730984.(RO-37781)

**For Rent किराया**

मैरिज पैलेस/ मंगल भवन किराये पर उपलब्ध
3000 व.फु. AC हॉल, 16 AC कमरे 20000 व.फु. गार्डन धनोरा रिसाली बोरसी (भिलाई) के नजदीक मात्र 75000 प्रतिदिन से पैकेज शुरू
मो. 8085640899

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस - राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस, मार्कशीट, आधारकार्ड, प्रॉपर्टी, कृषि, होमलोन 1% सालाना ब्याज व 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करे, नोट- धोखेबाजों से सावधान।, हेडऑफिस लोन डिपार्टमेंट हेल्पलाइन नंबर:- 7988242279, 7988242279. (Ro-3055)

फाइनेंस - दिवाली धमाका ऑफर DHANI FINANCE (Govt. Regd) सर्व योजना अंतर्गत, आधारकार्ड, पर्सनल, प्रॉपर्टी, बिजनेस, सभी प्रकार के लोन आसान किस्तों पर, 2% ब्याज, 40% छूट, (महिलाओं के लिए विशेष छूट) संपर्क:- 9201996879. (Ro-3062)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

Healthcare

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिगं को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

हेपाटाईटिस, एच.आई.वी. हर्पिस रोग एवं यौन समस्या

स्त्री-पुरुष के गुप्तांग (योनि एवं इन्द्रिय) में दाने छाले, फून्सी, लाल होना, फटना, जलन व दर्द योनि में खुजली एवं सफेद लाल व बदबूदार पानी, बुखार जैसा लगते रहना, मुँह में छाले, कमजोरी, शरीर में पानी भरे फफोले दर्द एवं जलन, गुप्तांग से पीप (पस) जाना, मैल जमना शरीर में खुजली होते हो तो तुरंत खून की जाँच कराये इसमे कई लोगों को हेपाटाईटिस, हर्पिस व कुछ लोगों को एच.आई.वी. पॉजिटिव होते हुए भी पाया गया है। आप चिंता मुक्त हो सकते है यदि खून का रिपोर्ट निगेटिव हो तो यदि पॉजिटिव हुआ तो आयुर्वेद के रस-रसायन के अलावा दूसरी चिकित्सा है ही नहीं। यौन समस्याः इन्द्रिय का शिथिल होना वीर्य का पतलापन या नहीं बनना मधुमेय जन्य नपुंसकता, नसों की सिकुड़न, इरेक्टाइल डीसफंक्शन, लिंग का लकवा (पेनाइल पैरालाइस) शीघ्र पतन, स्वप्न दोष, उत्तेजना की कमी, हस्तमैथुन जन्य नपुंसकता, मूत्र मार्ग से सफेदी जाना, यूरेथ्रा स्ट्रेक्चर अर्थात् (पेशाब मे रुकावट, बूंद बूंद या नही उतरना) जलन ऐसे होते हो तो ।

वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)
9425555659, 9617789223
डॉ. वी. के. अग्रवाल
(बीएएमएस, आयुर्वेद विज्ञान विशेषज्ञ)
निशांत अग्रवाल
फार्मा साईटिस्ट
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग,। 9303948500,,9303242200
समय शाम 4 -7 बजे तक।
अपाईटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)



**कार्यालय नगर पालिका परिषद कुम्हारी, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

**मैन्युअल पद्धति निविदा सूचना**

क्रमांक/1271/लोक कर्म/निविदा आमंत्रण/2024 कुम्हारी, दिनांक 24/10/2024

नगर पालिका परिषद कुम्हारी हेतु निम्नानुसार कार्यों हेतु एकीकृत पंजीयक ठेकेदारों से निविदा कार्य सरल क्रं. 1 हेतु फार्म A में एस.ओ.आर लोक निर्माण विभाग प्रचलित दर अनुसूची 01.01.2015 भवन के आधार में कम या अधिक दर पर एवं कार्य सरल कं. 2 हेतु फार्म B में केवल स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है।

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि - 13/11/2024 सायं 5.00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र हेतु क्रय की अंतिम तिथि - 14/11/2024 सायं 5.00 बजे तक
3. निविदा प्रस्तुत किये जाने की अंतिम तिथि - 21/11/2024 सायं 4.00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि - 22/11/2024 प्रातः 11.00 बजे से

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित राशि (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्रं.-15 में अटल परिसर निर्माण कार्य (सिविल कार्य) | 15.80 |
| 2 | वार्ड क्र.-15 मान. अटल बिहारी बाजपेयी की मूर्ति आपूर्ति व स्थापना कार्य | 13.60 |

**टीप :-** 1. कार्य सरल क्र. 2 हेतु पंजीकृत फर्म या व्यक्ति का आयकर विभाग में पंजीयन होना अनिर्वाय है। 2. कार्य सरल क्रं. 2 हेतु निविदाकार को कम से कम दो नग महापुरुषों की प्रतिमा तैयार कर स्थापना कार्य किसी शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय विभाग में किए जाने का अनुभव विगत 05 वर्षों में हो आवश्यक है ।

**नियम एवं शर्तें :-** उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी विभागीय वेबसाइट में uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिका परिषद, कुम्हारी

**कार्यालय नगर पंचायत साजा, जिला- बेमेतरा (छ.ग.)**
Phone No. 07825-269604 Email Id-cmo_saja@yahoo.co.in

क्रमांक/1115/लो.नि./न.पं./निवि.आ.सू./2024-25 साजा, दिनांक 25/10/2024

**ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से नीचे उल्लेखित निर्माण कार्य हेतु ऑन लाईन (Online) मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती हैं ।

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in, Uadd portal : https://uadd.cgeprocurement.gov.in

| एन.आई.टी.क्रं./सिस्टम टेंडर क्रं. | कार्य का नाम | योजना मद | अनु. लागत राशि (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि एवं खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्रं. 02 में देवांगन दुकान से जी.ए.डी. क्वाटर तक नाली निर्माण कार्य | अधोसंरचना मद | 35.92 | डाउनलोड करने की तिथि 25.10.2024 बिड प्रस्तुत करनें की अंतिम तिथि- 14.11.2024 |
| 2 | वार्ड क्रं. 02 में शिव मंदिर से शिव वर्मा घर तक नाली निर्माण कार्य | | 33.56 | |
| 3 | वार्ड क्रं. 12 में ओव्हर हैड टैंक निर्माण कार्य | 15वें वित्त आयोग | 48.45 | |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल (https://eproc.cgstate.gov.in) वेब साईट से डाउनलोड की जा सकती है।

जल ही जीवन हैं जल है तो कल है ।
समस्त बकाया करों का भुगतान समय पर करें ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत साजा

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्युशन कंपनी लिमिटेड**
**(छ.रा.वि.मं. की उत्तरदायी कम्पनी)**

क्र. 053-5200/सामा./2914 सरायपाली, दिनांक 25.10.2024

**// बिजली बंद की सूचना //**

समस्त सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है दिनांक 26.10.2024 को 220/132 के.व्ही. उपकेन्द्र सरायपाली में अतिआवश्यक सुधार कार्य हेतु निम्नलिखित उपकेन्द्रों से ऊर्जीकृत क्षेत्र में प्रातः 12.00 बजे से दोपहर 03.00 बजे तक विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी ।

| क्र. | 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|
| 01 | सरायपाली | 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र से निकलने वाले सभी 33 के.व्ही. फीडर से ऊर्जीकृत समस्त ग्राम । |
| 02 | बसना (दुधीपाली) | 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र से निकलने वाले सभी 33 के. व्ही. फीडर से ऊर्जीकृत समस्त ग्राम । |
| 03 | सॉकरा (छोटेटेमरी) | 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र से निकलने वाले सभी 33 के.व्ही. फीडर से ऊर्जीकृत समस्त ग्राम । |

**"असुविधा के लिए खेद है"**

टीप- 1. आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है। 2. असुविधा से बचने के लिए बिल का भुगतान समय पर करें ।

कार्यपालन अभियंता
छ.स्टे.पॉ.डि.कं. लिमि. सरायपाली

**भिखारियों के धरपकड़ अभियान और सर्वे में सामने आई यह बात**

# लखनऊ के भिखारी कमाते हैं 1 लाख महीना रखते हैं शानदार स्मार्टफोन और पैनकार्ड

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

यूपी की राजधानी में भिखारियों ने कमाई के मामले में कई नौकरीपेशा को भी पीछे छोड़ दिया है। लखनऊ में कई भिखारियों के पास स्मार्टफोन और पैनकार्ड तक मिले हैं। भिखारियों के धरपकड़ अभियान और सर्वे में ये बात सामने आई है। इसमें कई भिखारियों की औसतन मासिक आमदनी 90 हजार से 1 लाख रुपये महीना तक है, यानी सालाना आय लगभग 12 लाख रुपये। सर्वेक्षण के दौरान नवाबों के शहर लखनऊ में 5312 भिखारी मिले। अब विभाग इनको योजनाओं से जोड़ेगा। जानकारी के मुताबिक लखनऊ में भिखारियों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिसको लेकर समाज कल्याण विभाग और डूडा (जिला नगरीय विकास अभिकरण) ने सर्वे किया।



## भिखारियों की आमदनी जानकर अधिकारी हैरान

इन भिखारियों की आमदनी जानकर डूडा अधिकारी हैरान रह गए। उन्होंने बताया कि बाराबंकी के लखपेड़ाबाग निवासी भिखारी अमन के पास स्मार्टफोन से लेकर अन्य तमाम चीजें हैं। उसका पैनकार्ड भी बना है। हालांकि, अब सभी का कार्ड बनाकर उनको सरकारी योजना से जोड़ा जाएगा। सर्वे के मुताबिक, लखनऊ के लोग रोजाना औसतन 63 लाख रुपये भीख के रूप में भिखारियों को देते हैं। लखनऊ नगर निगम, समाज कल्याण विभाग और डूडा के सर्वे में राजधानी लखनऊ में कुल 5312 भिखारी मिले हैं। इन भिखारियों की आमदनी को लेकर सर्वे में खुलासा हुआ कि ये रोजाना औसतन 3 हजार रुपये तक कमा रहे हैं। भीख की कमाई करने में महिलाएं पुरुषों से अव्वल हैं।

# चरखी दादरी मॉब लिंचिंग : जांच में नहीं मिला गोवंश का मांस

नई दिल्ली। चरखी-दादरी के कस्बा बाढड़ा में बीते 27 अगस्त को हुए एक युवक की पीट-पीटकर हत्या मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। इस मामले में लैब की रिपोर्ट आ गई है और इसमें गोवंश का मांस नहीं मिला। हंसावास खुर्द की झुग्गियों से नमूने लिए गए थे और जांच के लिए फरीदाबाद के सरकारी लैब में भेजा गया था। डीएसपी भारत भूषण ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस द्वारा जल्द ही कोर्ट में चालान पेश किया जाएगा। बता दें कि गोवंश का मांस पकाने के शक में 27 अगस्त को बाढड़ा में शब्बीर खान नाम के युवक की हत्या कर दी गई थी। हंसावास खुर्द के समीप बनी प्रवासी श्रमिकों की झुग्गियों के बर्तनों से बरामद मांस के नमूने लेने के लिए भी एक टीम पहुंची थी।

# भारत की ग्रोथ से जुड़ने का यही सही समय समस्याओं का समाधान देने में हम हैं सक्षम

**18वें एशियाई प्रशांत-जर्मन व्यापार सम्मेलन में पीएम मोदी ने कहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पीएम मोदी ने कहा आज भारत डेमोक्रेसी, डेमोग्राफी, डिमांड और डाटा के मजबूत पिलर्स पर खड़ा है। टैलेंट, टेक्नोलॉजी, इनोवेशन और इंफ्रास्ट्रक्चर भारत की ग्रोथ के टूल्स हैं। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट और ट्रांसपेरेंसी के बिना कोई भी देश कोई भी रीजन अपने बेहतर फ्यूचर की कल्पना नहीं कर सकता।



18वां एशियाई प्रशांत-जर्मन व्यापार सम्मेलन नई दिल्ली में आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में पीएम नरेंद्र मोदी और जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज ने शिरकत की। पीएम मोदी ने भारतीय आकांक्षाओं, विकसित भारत का रोडमैप और तकनीक और स्किल की बदौलत दुनिया को भरोसा दिलाया कि भविष्य की समस्याओं का समाधान देने में भारत सक्षम है। उन्होंने निवेशकों से आह्वान किया कि भारत की ग्रोथ स्टोरी से जुड़ने का यही समय है, सही समय है। पीएम मोदी ने कहा आज भारत डेमोक्रेसी, डेमोग्राफी, डिमांड और डाटा के मजबूत पिलर्स पर खड़ा है। टैलेंट, टेक्नोलॉजी, इनोवेशन और इंफ्रास्ट्रक्चर भारत की ग्रोथ के टूल्स हैं। उन्होंने जर्मनी-भारत के एशिया-पेसिफिक बिजनेस समिट को वैश्विक सप्लाई ट्रस्ट और स्टेबिलिटी के लिए अहम बताया। पीएम मोदी ने कहा दुनिया को स्टेबिलिटी और सस्टेनेबिलिटी की जरूरत है। ट्रस्ट और ट्रांसपेरेंसी की जरूरत है, चाहे सोसाइटी हो या फिर सप्लाई चेन। हर मोर्चे पर इन वैल्यूज को बल देने की जरूरत है। इनके बिना कोई भी देश कोई भी रीजन अपने बेहतर फ्यूचर की कल्पना नहीं कर सकता। पीएम मोदी ने कहा, ये साल, भारत-जर्मनी स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप का 25वां वर्ष है।

## स्वतंत्र, समावेशी हिंद-प्रशांत के गठन पर सहमत भारत-जर्मनी

कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से लौटने के तुरंत बाद शुक्रवार को राजधानी के हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज के बीच सातवें अंतर-सरकारी परामर्श (आईजीसी) की महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें दोनों देशों के आपसी सहयोग से जुड़े हुए तमाम जरूरी मुद्दों के अलावा वर्तमान में रूस-यूक्रेन और इजरायल-ईरान के बीच चल रहे युद्ध और हिंद-प्रशांत क्षेत्र (आईपीआर) की चुनौती का मामला प्रमुखता से शामिल रहा। दोनों शीर्ष नेताओं ने युद्ध व चुनौती के मसले पर गंभीर रूप से चिंता प्रकट करते हुए विवादों के क्षेत्र में विस्तार के बिना शांतिपूर्ण समाधान के साथ ही एक खुले हुए, स्वतंत्र, समावेशी और अंतरराष्ट्रीय नियम, कानूनों पर आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के गठन की वकालत की।


## छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल
पर्यावास भवन, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला- रायपुर (छ.ग.)

**// सर्व संबंधित को सूचना //**

भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 2006 (यथा - संशोधित) के तहत् सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि (1) मेसर्स किरन्दुल आर्डिनरी स्टोन क्वारी (प्रो.- श्री अब्दुल वाहीद सिद्धिकी), खसरा क्रमांक 46, कुल क्षेत्रफल - 3.379 हेक्टेयर में साधारण पत्थर (गौण खनिज) खदान क्षमता - 71,843.75 टन प्रतिवर्ष (2) मेसर्स वर्मा कस्ट्रक्शन एंड ट्रासपोर्ट आर्डिनरी स्टोन क्वारी, (प्रो. श्रीमती त्रिवेणी वर्मा), खसरा क्रमांक 61, कुल क्षेत्रफल - 2.22 हेक्टेयर में साधारण पत्थर (गौण खनिज) खदान क्षमता - 20,826 टन प्रतिवर्ष (3) मेसर्स के. ए. पाप्पच्चन आर्डिनरी स्टोन क्वारी (प्रो - श्री के. ए. पाप्पच्चन), खसरा क्रमांक 61, कुल क्षेत्रफल -3 हेक्टेयर में साधारण पत्थर (गौण खनिज) खदान क्षमता - 13,061.10 टन प्रतिवर्ष (4) मेसर्स के. ए. पाप्पच्चन आर्डिनरी स्टोन क्वारी ( प्रो. श्री के. ए. पाप्पच्चन), खसरा क्रमांक 61, कुल क्षेत्रफल - 2 हेक्टेयर में साधारण पत्थर ( गौण खनिज) खदान क्षमता - 50,331 टन प्रतिवर्ष एवं 5 ) मेसर्स जोंविंस पाप्पच्चन आर्डिनरी स्टोन क्वारी प्रोजेक्ट, (प्रो. - श्री जोंविंस पाप्पच्चन), खसरा क्रमांक 61, कुल क्षेत्रफल - 2.23 हेक्टेयर में साधारण पत्थर (गौण खनिज) खदान क्षमता - 39,174 टन प्रतिवर्ष, ग्राम-किरंदुल तहसील - बड़े बचेली, जिला-दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.) के पर्यावरणीय स्वीकृति बाबत् छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल में आवेदन किया गया है। उक्त परियोजनाओं के संबंध में आपत्तियां/ सुझाव / विचार टीका-टिप्पणियाँ, इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के भीतर क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, जगदलपुर (छ.ग.) के कार्यालय में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत की जा सकती है। उक्त परियोजनाओं के लिए संयुक्त **लोक सुनवाई दिनांक-28/11/2024, दिन- गुरूवार, समय- सुबह 11:00 बजे, स्थान- फुटबाल मैदान, डीएवी स्कूल के सामने, किरंदुल, जिला-दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.) में** नियत की गई है।

ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 14 सितम्बर 2006 (यथा - संशोधित) के अनुसार संबंधित व्यक्तियों के अवलोकन / पठन हेतु ड्राफ्ट ई.आई.ए. रिपोर्ट, कार्यपालक सार हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा तथा सी. डी. (सॉफ्ट कापी), डायरेक्टर, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, जोर बाग रोड, नई दिल्ली, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, अरण्य भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर, कार्यालय कलेक्टर, दंतेवाड़ा, जिला- दक्षिण बस्तर दंतेवाडा, जिला पंचायत कार्यालय, दंतेवाड़ा, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, दंतेवाड़ा, नगर पालिका परिषद, किरंदुल, कार्यालय ग्राम पंचायत - कड़मपाल, चोलनार, कोडेनार, गुमियापाल, मदाडी, जिला - दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, जगदलपुर, जिला - बस्तर तथा मुख्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, पर्यावास भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर में रखी गई है।

सदस्य सचिव
छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल,
नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)



## छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल
पर्यावास भवन, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला- रायपुर (छ.ग.)

**// सर्व संबंधित को सूचना //**

भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 2006 (यथा-संशोधित) के तहत् सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि मेसर्स एम. एस.के. यदु, (प्रो.- श्री मिथलेश यदु, बिजराडीह सेण्ड माईन), ग्राम - बिजराडीह, तहसील- पलारी, जिला- बलौदाबाजार- भाटापारा (छ.ग.) स्थित पार्ट ऑफ खसरा क्रमांक- 496, कुल- क्षेत्रफल- 10 हेक्टेयर में प्रस्तावित रेत (गौण खनिज) खदान उत्खनन क्षमता- 1,80,000 घनमीटर प्रतिवर्ष के पर्यावरणीय स्वीकृति बाबत् **लोक सुनवाई दिनांक 26/11/2024 को अपरान्ह 2:00 बजे से ग्राम बिजराडीह स्थित पीपल चौक स्कूल परिसर, तहसील- पलारी, जिला- बलौदाबाजार - भाटापारा (छ.ग.) में** नियत की गई है। यह भी सूचित हो कि लोक सुनवाई के दौरान भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ऑफिस मेमोरेण्डम F. No. 22-25/2020- IA.III दिनांक 14.09.2020 तथा कोरोना वाईरस के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु शासन द्वारा जारी समस्त दिशा-निर्देशों का अक्षरश पालन कराया जाना अनिवार्य होगा।

ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 14 सितम्बर, 2006 (यथा - संशोधित) के अनुसार संबंधित व्यक्तियों के अवलोकन / पठन हेतु ड्राफ्ट ई.आई.ए. रिपोर्ट, कार्यपालक सार हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा तथा सी.डी. (साफ्ट कॉपी) डायरेक्टर, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, जोर बाग रोड, नई दिल्ली, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, अरण्य भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला - रायपुर (छ.ग.), कार्यालय कलेक्टर बलौदाबाजार-भाटापारा, जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.), मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बलौदाबाजार, जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.), मुख्य महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.), मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत- पलारी, जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.), कार्यालय सरपंच/ सचिव, ग्राम- पंचायत बिजराडीह, तहसील-पलारी, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.), क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ पर्यावरण संरक्षण मंडल, न्यू ऑफिस बिल्डिंग, रिंग रोड़ नं.- 2, टाटीबंध, रायपुर, जिला - रायपुर (छ.ग.) एवं मुख्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, पर्यावास भवन, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर, जिला - रायपुर (छ.ग.) में रखी गई है।

सदस्य सचिव
छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल,
नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)



## बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
क्षेत्रीय कार्यालय, प्रथम तल, जोनल मार्केट, सेक्टर -10, भिलाई (छ.ग.) - 490006
फोन: 0788 - 2261892, 2264992, ई-मेल: recovery.durg@bankofbaroda.com

**बिक्री सूचना संपत्तियों की ई-नीलामी**- "परिशिष्ट- IV - ए (नियम 8(6) और 9(1) देखें)"

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुननिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के अंतर्गत चल / अचल संपत्तियों की ई-नीलामी रखी गई हैं। इस सूचना के द्वारा आम जनता और विशेषकर ऋणी, बंधककर्ता(ओं) एवं जमानतकर्ता(ओं) को सूचित किया जाता हैं कि निम्नवर्णित दृष्टिबंधक / गिरवीं / बंधक चल / अचल संपत्तियों जो कि प्रतिभूति लेनदार के पक्ष में, जिनका सांकेतिक / भौतिक कब्जा प्रतिभूत लेनदार बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका हैं कि बिक्री निम्नवर्णित खातों में वसूली के लिए ई-नीलामी द्वारा " जो हैं जहां हैं ", " जो हैं जैसी हैं " एवं " जो कुछ भी हैं " के आधार पर रखी गई हैं। कर्जदारों / जमानतदारों / सिक्योर्ड एसेट्स / बकाया / आरक्षित मूल्य / ई-नीलामी की तारीख, समय, ईएमडी और बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे दिया गया हैं:-

| क्र. | ऋणकर्ता/जमानतदार (ओं) बंधककर्ता (ओं) का विवरण | चल/अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण के साथ बैंक की जानकारी में कोई अधिभार नहीं हैं. | कुल बकाया राशि | 1. प्रारक्षित मूल्य 2. बयाना एवं 3. बोली वृद्धि राशि | कब्जे का स्वरूप सांकेतिक/ भौतिक |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | **श्रीमती भारती गजभिये** पति श्री दिलीप गजभिये, एलआईजी 53, हाउसिंग बोर्ड चरोदा, भिलाई, चरोदा बीएमवाई, दुर्ग, हाउसिंग बोर्ड चरोदा, दुर्ग, छत्तीसगढ़ - 490025 | साम्यिक बंधक संपत्ति का खसरा नं.- 484 / 29, प.ह. नं.-56, कसारडीह, वार्ड नं.-39, कचहरी वार्ड, एनपीएन दुर्ग 1, तहसील एवं जिला- दुर्ग (छ.ग.), क्षेत्रफल- 1000 वर्गफीट हैं जो श्रीमती भारती गजभिये के नाम पर हैं. सीमाएं: उत्तर- 25 फीट रोड, दक्षिण- श्रीमती रीनू पांडे, पूर्व- श्री सौरभ बड़रिया, पश्चिम - श्री प्रभात पांडे का मकान. | रु. 23,87,121.05 + ब्याज + अन्य प्रभार | रु. 26,07,000.00 रु. 2,60,700.00 रु. 10,000.00 | भौतिक कब्जा |
| 02 | **श्री यशोनिधि साहू** पिता श्री प्रकाश साहू (उधारकर्ता) श्री प्रकाश साहू पिता श्री लक्ष्मीनारायण साहू (सह-उधारकर्ता) | आवासीय फ्लैट स्थित मौजा पुलगांव चौक, वार्ड नं. 54, ब्लॉक नं. ई-303, खसरा नं.-148 / 5 (पी), 148 / 24 (पी), 210 / 1 (पी), 210 / 2 (पी), 210 / 3 (पी), एवं 211 का भाग, ऋषभ ग्रीन सिटी " ओवायएनएक्स" पुलगांव, दुर्ग, तहसील एवं जिला- दुर्ग, छ.ग.- 491001, फ्लैट निर्मित क्षेत्रफल- 805.81 वर्गफीट. सीमाएं: उत्तर- फ्लैट नं.- ई / 304, दक्षिण- खुला आसमान, पूर्व- खुला आसमान, पश्चिम- लॉबी. | रु. 29,51,280.40 + ब्याज + अन्य प्रभार | रु. 24,13,000.00 रु. 2,41,300.00 रु. 10,000.00 | भौतिक कब्जा |

ई-नीलामी की तिथि एवं समय 27.11.2024, दोपहर 2:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक एवं संपत्ति निरीक्षण करने की तिथि एवं समय 21.11.2024 प्रात: 11.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक। बिक्री संबंधित विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm एवं ऑनलाइन ई-नीलामी पोर्टल https://ebkray.in में दिये गये लिंक का संदर्भ लें. भावी बोलीकर्ता प्राधिकृत अधिकारी से मो. नं. 8817410471 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

दिनांक: 26.10.2024, स्थान: भिलाई (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा





**खबर संक्षेप**

## नशे में धुत्त एसडीएम के वाहन चालक ने मोटर साइकिल चालक को मारी टक्कर, ग्रामीण गंभीर

**कवर्धा।** जिले के पोड़ी पुलिस चौंकी क्षेत्र के ग्राम मानिकपुर में बीते गुरूवार-शुक्रवार की देरशाम एक भीषण सड़क हादसा सामने आया है। जहां पंडरिया एसडीएम की सरकारी गाड़ी के चालक ने तेज रफतार से लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक मोटर सायकल चालक को जबरदस्त ठोकर मार दी। जिससे मोटर सायकल चालक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे अब अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं ग्रामीणों की मुस्तैदी के चलते पुलिस ने आरोपी वाहन चालक को दबोच लिया है और उसके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार-शुक्रवार की देरशाम पंडरिया एसडीएम के सरकारी वाहन क्रमांक सीजी 02-7320 को लेकर उनका चालक अकेले कहीं जा रहा था। बताया जाता है कि वाहन चालक नशे में धुत्त था और बेहद तेजरफ्तार में लापरवाही पूर्व वाहन चला रहा था। तेजरफ्तार वाहन की ठोकर से मोटर सायकल चालक का एक पैर कटकर अलग हो गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और उन्होने आरोपी वाहन चालक को दबोच लिया।

### दहशत : दो दिनों से खोज जारी, नहीं मिला तेंदुए का कोई सुराग

# गरियाबंद में तेंदुए का पहाड़ी से शहर तक दहशत, विभाग ने किया अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद





शहर में तेंदुए की दस्तक ने जैसे एक सनसनी फैला दी है। शहर के भीतर तेंदुए का आना और उसकी गतिविधियां, जिसने पूरे इलाके में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। दूसरे दिन भी वन विभाग ने हालात पर काबू पाने के लिए पूरी कोशिशें शुरू कर दी हैं। अधिकारियों का दल लगातार प्रयास कर रहा है, लेकिन तेंदुए का पता लगाना अब तक टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। शुक्रवार को गरियाबंद वनमण्डल के डीएफओ लक्ष्मण सिंह और उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के उप निदेशक वरुण जैन और वन विभाग का अमले ने तेंदुए को ट्रैक करने का बीड़ा उठाया। वे चितवा डोंगरी के पहाड़ी इलाके में चढ़ गए, जहां माना जा रहा है कि तेंदुए ने अपना ठिकाना बना लिया है। हालांकि, तमाम कोशिशों के बावजूद न तेंदुए की झलक मिली, न ही उसकी कोई ताजा गतिविधियां। वन विभाग के दिशा-निर्देश पर इलाके में ट्रैक कैमरे लगाए गए हैं, ताकि किसी भी तरह से तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। दो दिनों से जारी खोज में तेंदुए का कोई नया सुराग नहीं मिला है, लेकिन सावधानी के तौर पर वन विभाग ने शहर में लगातार मुनादी करवानी शुरू कर दी है। इसके अलावा, तेंदुए के संभावित प्रभाव वाले क्षेत्रों में पोस्टर भी लगाए जा रहे हैं, ताकि लोग जागरूक रहें और किसी तरह की अनहोनी से बच सकें।

■ तेंदुए के संभावित प्रभाव वाले क्षेत्रों में लगाए जा रहे पोस्टर

**तलाश जारी**

लोगों की सुरक्षा उनकी पहली प्राथमिकता है, लगातार दो दिनों से तेंदुए की तलाश कर रहे हैं, तेंदुए को ट्रेस करने उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र के उप निदेशक वरुण जैन अपनी जान की परवाह किए बगैर चितवा डोंगरी में चढ़ गए। फिलहाल तेंदुए का लेटेस्ट लोकेशन नहीं मिला है।

-लक्ष्मण सिंह, डीएफओ




### रात के समय अकेले बाहर न निकले

गौरतलब है कि बीते दिन तेंदुए को नगर पालिका के वार्ड नंबर 1 में देखा गया था। सीसीटीवी कैमरों में कैद उसकी फुटेज ने शहरवासियों में खौफ पैदा कर दिया है। सीसीटीवी फुटेज से पता चला है कि तेंदुए ने इलाके में घूमते हुए आवारा कुत्तों का शिकार भी किया। इस घटना के बाद वन विभाग की टीम ने तेंदुए की मौजूदगी की पुष्टि की और शहरवासियों से अपील की कि वे विशेष रूप से सतर्क रहें। वन विभाग ने लोगों को चेतावनी दी है कि रात के समय बच्चों और बुजुर्गों को अकेले बाहर न निकलने दें। इस बार तेंदुए की मौजूदगी ने गरियाबंद मुख्यालय में सुरक्षा की एक नयी चुनौती खड़ी कर दी है, और वन विभाग की टीम इसे काबू में करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

## अवैध चर्चों को हटाने और ईसाई धर्म को मानने वालों की आरटीआई से लेंगे जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



सुकमा जिले के तोंगपाल थाना क्षेत्र के मारेंगा निवासी पास्टर की मौत के बाद शव को कब्रिस्तान की बजाए दरभा के छिंदावाड़ा पंचायत स्थित आदिवासी समाज के श्मशान में दफनाने के मामले को लेकर शुक्रवार को छिंदावाड़ा में विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। सैकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में अवैध चर्चों को हटाने व ईसाई धर्म को मानने वालों की आरटीआई से जानकारी लेने विशेष ग्रामसभा में प्रस्ताव पास किया गया।

■ शव निकालने ग्राम प्रमुखों ने हाईकोर्ट में दिया आवेदन, 4 को होगी सुनवाई

सर्व आदिवासी समाज अध्यक्ष सुखराम कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में हाईकोर्ट में दिए गए आवेदन पर सुनवाई का इंतजार करने का निर्णय लिया गया। वकील के माध्यम से मिली जानकारी के मुताबिक 4 नवम्बर को मामले की सुनवाई होने की संभावना है। वहीं बैठक में छिंदावाड़ा क्षेत्र में संचालित चार चर्चों के सबंधं में जानकारी ली जा रही है। ग्राम प्रमुखों का कहना है कि छिंदावाड़ा क्षेत्र में ईसाई धर्म को मानने वालों का लगभग 22 परिवार है लेकिन चर्चों की संख्या चार है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,राँची**

अतिअल्पकालीन ई– निविदा सूचना संख्या –
RDD/SD/RANCHI/17/2024-25 E-tender
P.R. No. 334866 Rural Development (24-25)

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– RDD/SD/RANCHI/17/2024-25 E-tender जिसका पी0आर0 संख्या– 334866 Rural Development (24-25) के ग्रुप संख्या–3 कार्य का नाम – ''राँची जिला के बुढ़मू प्रखंड अंतर्गत बुढ़मू मुक्का पथ में स्थित नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण'' को निदेशानुसार अपरिहार्य कारणवश् रदद् किया जाता है।

PR 339524
Rural Development(24-25).D

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची

## माता-पिता ने मोबाइल नहीं खरीदकर दिया तो पुत्र ने जहर खाकर की खुदकुशी

**धमतरी।** नया मोबाइल नहीं मिलने से नाराज कक्षा 12वीं के छात्र ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार भुनेश्वर कोसरे पिता रामकुमार उम्र 16 वर्ष ग्राम तरौद थाना बालोद निवासी आत्मानंद स्कूल बालोद में कक्षा 12वीं की पढ़ाई कर रहा था। छात्र ने 23 अक्टूबर की रात्रि अपने पिता से मोबाइल की डिमांड की। पिता रामकुमार ने उसे समझाते हुए 2-4 दिन में मोबाइल दिलाने की बात कही। यह सुनकर छात्र ने अपने बड़े पिताजी मत्रम दास कोसरे को फोन कर बताया कि उसके लिए मोबाइल नहीं ले रहे हैं। घर से भाग जाने व अपने पापा को डबल खर्च करवा देने की बात कही। दूसरे दिन 24 अक्टूबर की सुबह छात्र स्कूल यूनिफार्म पहनकर स्कूल जाने साइकिल से बालोद के लिए निकल गया। छात्र गांव के बाहर नहर पुल के पास जाकर बैठ गया। इस दौरान दोस्तों ने उसके पिता को फोन करके भुनेश्वर द्वारा जहर सेवन कर लेने की जानकारी दी। परिजन छात्र को उपचार के लिए तत्काल बालोद के जिला अस्पताल ले गए। जहां से रिफर किए जाने पर छात्र को उपचार के लिए मसीही अस्पताल धमतरी में भर्ती कराया। इलाज के दौरान शुक्रवार की सुबह छात्र की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने मर्ग कायम, पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

**कार्यालय नगर पंचायत-नगरी, जिला धमतरी (छ.ग.)**
Email:cmonagri84@gmail.com

क्र./952 /न.पं./ लो.नि.वि./2024-25 नगरी, दिनांक 25/10/2024

**// प्रथम मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना //**

नगर पंचायत नगरी, जिला धमतरी क्षेत्रान्तर्गत अधोसंरचना मद अन्तर्गत विभिन्न विकास कार्यो निर्माण PWD Building, Road SOR 01.01.2015 & Electrical SOR 01.06.2020 से किया जाना है जिसके लिए छत्तीसगढ़ शासन में एकीकृत पद्धति से पंजीकृत ठेकेदार, फर्म, संस्था (सक्षम श्रेणी) अपनी निविदा पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, विवरण निम्नानुसार है -

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि - 04.11.2024, 5.30 बजे शाम तक।
2. कोरे निविदा हेतु शुल्क राशि जमा तिथि - 06.11.2024, 5.30 बजे शाम तक।
3. निकाय द्वारा निविदा प्रपत्र प्रदाय करने का तिथि - 08.11.2024, 5.30 बजे शाम तक।
4. डाक से निविदा प्राप्त करने का तिथि - 18.11.2024, 5.30 बजे शाम तक।
5. निविदा खोले जाने की तिथि एवं समय - 19.11.2024, दोपहर 3.00 बजे से।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | समयावधि |
|---|---|---|---|
| 1 | सौंदर्यीकरण, भवन मरम्मत, बाऊण्ड्रीवाल, शेड मरम्मत, रंगमंच निर्माण, पंपहाऊस सह, शौचालय निर्माण (कुल 10 कार्य) | 96.34 | कार्यादेशानुसार |

टीप- उपरोक्त निर्माण कार्यों की सूची एवं निविदा की सामान्य शर्तों, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट के www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड एवं प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत नगरी

## बर्थ डे पार्टी मनाने निकले कॉलेज छात्र की शिवनाथ नदी में डूबने से मौत

**भिलाई।** बर्थ डे पार्टी मनाने 10 छात्र-छात्राएं पार्टी मनाने महमरा एनीकेट के पास लगे आम के बगीचे में गए थे। पार्टी मनाने के बाद नहाने का मन होने पर एक छात्र शिवनाथ नदी में कूद गया। देखते ही देखते छात्र गहरे पानी में डूब गया। जिससे छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। खबर लगने पर एसडीआरएफ, लोकल मछुवारे, कोतवाली पुलिस की टीम ने मशक्कत करने के बाद शव को बाहर निकाला। शव को पीएम के लिए मरचूरी भेज परिजनों को सूचना दी गई। दुर्ग कोतवाली टीआई विजय यादव ने बताया कि सेंट थामस कालेज का छात्र बीएससी के प्रथम वर्ष के आचरण कुजूर रिसाली में पीजी रुम में रहता था। इसका मूल निवास रायगढ़ है। कॉलेज के छात्र-छात्राएं पार्टी मनाने के लिए दुर्ग निकले थे। महमरा एनीकेट के पास पार्टी इंजाय करने के बाद आचरण और बीजापुर निवासी कुणाल नदी में नहाने उतर गए। आचरण नदी के गहरे पानी में चले जाने से डूब गया। वहीं कुणाल को किसी तरह बचा लिया गया।

## ब्यारा में खड़ी पिकअप की चोरी, आरोपी गिरफ्तार

**धमतरी।** ब्यारा के दरवाजे का ताला तोड़कर भीतर खड़ी पिकअप की चोरी कर फरार हुए आरोपी को अर्जुनी व साइबर सेल ने गिरफ्तार कर लिया है। ग्राम परसुली निवासी यशवंत साहू पिता कृष्णकुमार ने 15 अक्टूबर की रात्रि अपनी पिकअप क्रमांक सीजी 04 जेसी 9441 को गांव के कृष्णा किराया भंडार के बाजू में स्थित ब्यारा में खड़ा किया था जिसकी अज्ञात चोर ने चोरी कर ली। पीड़ित की सूचना पर अर्जुनी पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305/ए, 331/4 बीएमएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया। ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों पर अंकुश लगाने एसपी आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देश पर अर्जुनी पुलिस व साइबर सेल की संयुक्त टीम ने आरोपी की तलाश शुरु कर दी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य व मुखबिर के माध्यम से पतासाजी में जुट गई। इसी दौरान 24 अक्टूबर को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने संदेही मनीष सोनकर लालबगीचा निवासी को पकड़कर पूछताछ की। जिसमें संदेही ने 15 अक्टूबर की रात्रि अपनी एक्टिवा से क्रमांक सीजी 07 यूवाय 2151 से परसुली जाकर किराया भंडार के बाजू में स्थित ब्यारा का ताला तोड़कर भीतर खड़ी पिकअप की मास्टर चाबी से चोरी करना बताया।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

निविदा क्रमांक 32/ व.ले.लि./लो.स्वा.यॉ. खण्ड/2024 बीजापुर, दिनांक 23.10.2024

**(षष्ठम निविदा आमंत्रण सूचना)**

छत्तीसगढ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में निम्नलिखित निर्माण कार्य के लिए आनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र. | निविदा आमंत्रण क्र. / दिनांक | सिस्टम क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | धरोवर राशि (रू. लाख में) | ठेकेदार की श्रेणी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 32/ 23.10.2024 | 160480 | DESIGN, DRAWING, CONSTRUCTION, TESTING & COMMISSIONING OF R.C.C. OVER HEAD TANK CAPACITY 400 K.L., STAGING 18 MTR. AT BLOCK BIJAPUR INCLUSIVE OF ALL CIVIL WORKS WITH TRAIL RUN FOR 3 MONTHS. UNDER BIJAPUR AUGUMENTATION WATER SUPPLY SCHEME NEAR NEW S.P. OFFICE - 6th call | 52.61 | 39458/- | D | 14.11.2024 |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 25.10.2024 से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड- बीजापुर

G- 242503432/2

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)**

**:: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना ::** दुर्ग, दिनांक 18.10.2024

**प्रथम आमंत्रण**

छत्तीसगढ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र "अ" में प्रतिशत दर पर दिनांक 08.11.2024 तक आमंत्रित की जाती हैः-

| निविदा आमंत्रण सू.क्रं./सि.क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 124/160271 | उपसंभाग क्र. 03 दुर्ग के अंतर्गत विभिन्न मार्गों के पुल पुलियों का विशेष मरम्मत एवं रिपेयर कार्य | 50.00 |
| 125/160272 | लोक निर्माण विभाग, अनुविभाग क्र. 02 बालोद अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का वार्षिक मरम्मत कार्य | 50.00 |
| 126/160273 | लोक निर्माण विभाग, अनुविभाग पंडरिया अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का वार्षिक मरम्मत कार्य | 29.98 |
| 127/160274 | लोक निर्माण विभाग, अनुविभाग पंडरिया अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का रंगाई पोताई कार्य | 25.20 |
| 128/160275 | लोक निर्माण विभाग, अनुविभाग क्रं. 02 बालोद अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का रंगाई पोताई एवं रंगरोगन कार्य | 50.00 |
| 129/160276 | उपसंभाग क्रं. 02 राजनांदगांव विभिन्न मार्गों एवं पुल पुलियों का साधरण/विशेष मरम्मत कार्य | 50.00 |
| 130/160277 | उपसंभाग क्रं. 01 राजनांदगांव विभिन्न मार्गों एवं पुल पुलियों का साधरण / विशेष मरम्मत कार्य | 50.00 |
| 131/160278 | डॉ. बाबा साहब अंबेडकर महाविद्यालय डोगरगांव में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य | 25.93 |
| 132/160279 | सोमनी जिला राजनांदगांव के स्वामी आत्मानंद इंगलिस मिडियम महाविद्यालय के जिम हॉल एवं बालक बालिका केन्टीन भवन का निर्माण कार्य | 71.38 |
| 133/160280 | लोक निर्माण विभाग, उपसंभाग कवर्धा के अंतर्गत सड़क पुल-पुलियों एवं ब्रिज का वार्षिक मरम्मत कार्य | 30.00 |
| 134/160281 | वाणिज्यक कर कार्यालय भवन राजनांदगांव में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य | 91.94 |
| 135/160283 | नवीन विश्राम भवन राजनांदगांव के लैण्ड स्केपिंग कार्य | 38.33 |

टीपः- 1. एन.आई.टी.क्रं 124 लोक निर्माण विभाग दुर्ग संभाग दुर्ग से संबंधित है, एन.आई.टी. क्रं 125 एवं 128 लोक निर्माण विभाग, बालोद संभाग बालोद से संबंधित है, एन.आई.टी. क्रं 126,127 एवं 133 लोक निर्माण विभाग कवर्धा संभाग कवर्धा से संबंधित है, एन.आई.टी. क्रं 129,130,131,132,134 एवं 135 लोक निर्माण विभाग राजनांदगांव संभाग राजनांदगाव से संबंधित है। 2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है। 3. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें।

(अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग दूरभाष 0788-2210876

G -242503438/2

**कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) बलौदाबाजार-भाटापारा**

**// अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना पत्र //**

क्रमांक / 1454/ आदि.वि / निर्माण / 2024-25

बलौदाबाजार दिनांक 15.10.2024

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से प्रपत्र "अ" में प्रकाशित दर पर निम्नलिखित कार्य हेतु लो.नि.विभाग के उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 11.11.2024 को सायं 5.30 बजे तक निविदायें अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में लो.नि.वि. छत्तीसगढ़ शासन रायपुर द्वारा दर अनुसूची जो दिनांक 1.1.2015 से प्रभावशील एवं अद्यतन संशोधन सहित निविदा दिनांक तक मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। अमानत राशि सहायक आयुक्त आदिवासी विकास बलौदाबाजार-भाटापारा के नाम से एफ.डी.आर. / डी.डी. द्वारा प्रस्तुत करना होगा।

| क्रमांक | कार्य का विवरण | कार्य की लागत राशि | अमानत राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 14 छात्रावासों में जीर्णोद्वार / लघुमूल निर्माण एवं बोर खनन सबमर्सिवल विस्थापन का कार्य | 1,13,15,000.00 | प्रति कार्य नियमानुसार राशि जमा करना होगा। |

टीपः- निर्माण की शर्ते कार्यालय में उपस्थित होकर देख सकते हैं
1.निविदा फार्म बिक्री करने की तिथि 5.11.2024 तक कार्यालयीन समय
2.निविदा जमा करने की तिथि :- 11.11.2024
3.निविदा खोलने की तिथि :- 12.11.2024

सहायक आयुक्त,
आदिवासी विकास
जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा

G-242503411/1

**कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) बलौदाबाजार-भाटापारा**

**// अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना पत्र //**

क्रमांक /1452/आदि.वि / निर्माण/2024-25 बलौदाबाजार दिनांक 15.10.2024

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से प्रपत्र "अ" में प्रकाशित दर पर निम्नलिखित कार्य हेतु लो०नि० विभाग के उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 11.11.2024 को सायं 5.30 बजे तक निविदायें अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में लो०नि०वि०छत्तीसगढ़ शासन रायपुर द्वारा दर अनुसूची जो दिनांक 1.1.2015 से प्रभावशील एवं अद्यतन संशोधन सहित निविदा दिनांक तक मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। अमानत राशि सहायक आयुक्त आदिवासी विकास बलौदाबाजार-भाटापारा के नाम से एफ.डी.आर / डी.डी.द्वारा प्रस्तुत करना होगा।

| क्रमांक | कार्य का विवरण | कार्य की लागत राशि | अमानत राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 08 छात्रावासों में जीर्णोद्वार / लघुमूल निर्माण एवं उंचीकरण / नवीन विद्युतीकरण कार्य | 55,50,000/- | प्रति कार्य नियमानुसार राशि जमा करना होगा। |

टीपः- निर्माण की शर्ते कार्यालय में उपस्थित होकर देख सकते हैं
1 निविदा फार्म बिक्री करने की तिथि- 05.11.2024 तक कार्यालयीन समय
2 निविदा जमा करने की तिथि- 11.11.2024
3 निविदा खोलने की तिथि- 12.11.2024

सहायक आयुक्त,
आदिवासी विकास
जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा

G-242503412/1

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन निर्माण संभाग, कसडोल**

**:: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना ::**

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्रमांक 160051/निविदा सूचना क्रमांक 04/वलेलि /2024-25

कसडोल, दिनांक 21.10.2024

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 11.11.2024 17:30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :

**कार्य का नाम :** बलौदाबाजार भाटापारा जिले के विकासखण्ड बलौदाबाजार की जमुनिया नाले पर बोईरडीह स्टापडेम का जीणोद्धार एवं मरम्मत कार्य।

**अनुमानित लागत : रूपये 71.35 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 28.10.2024 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोटः- निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित /पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन निर्माण संभाग,
कसडोल (छ.ग.)

G-242503451/2

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)**

क्रमांक 2309/लो.क.वि/न.पा.नि./2024 रायगढ़ दिनांक 21/10/2024

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिक निगम, रायगढ़ क्षेत्रांतर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा दिनांक 8.11.24 को अपरान्ह 04:00 बजे तक स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | लागत राशि (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | शहर के विभिन्न नाले नालियों पर गार्बेज स्क्रीन लगाने का कार्य। | 1.39 |
| 2 | जी.बी.पी. पॉइंट टू एवं सेल्फी पॉइंट निर्माण कार्य। | 8.65 |
| 3 | शहर के समस्त फाउंटेन एवं लैडस्कैप में लाईटिंग करने का कार्य। | 5.97 |
| 4 | सी एण्ड वेस्ट प्रोसेसिंग हेतु शेड निर्माण कार्य। | 11.05 |

नोट- कार्य का अन्य विवरण एवं नियम शर्ते कार्यालय में तथा वेबसाइट www.nagarnigamraigarh.com/uad.cg.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
न.पा.नि. रायगढ़

**प्रसार भारती**
**(भारत का सार्वजनिक सेवा प्रसारक)**
**प्रसार भारती सचिवालय**
**प्रसार भारती**
**हाउस, कॉपरनिकस मार्ग, नई दिल्ली**
**आवेदन आमंत्रण सूचना (एनआईए)**

**विषय: आरएनयू रायपुर, डीडी न्यूज प्रसार भारती में कॉपी संपादकों की संविदा नियुक्ति के लिए एनआईए - के संबंध में।**

प्रसार भारती, नई दिल्ली, आरएनयू रायपुर डीडी में पूर्णकालिक अनुबंध के आधार पर कॉपी संपादकों के रूप में नियुक्ति के लिए अनुभवी और गतिशील व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | श्रेणी | कॉपी एडिटर |
| 2 | पद की संख्या | 1 (डीडी) |
| 3 | कार्य स्थल | रायपुर |
| 4 | नियुक्ति अवधि | एक वर्ष |
| 5 | समेकित पारिश्रमिक | रू. 35000/- (निश्चित) |
| 6 | योग्यता | i. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से किसी भी क्षेत्र में स्नातक की डिग्री और किसी भी मुख्यधारा के मीडिया में 5 वर्ष का अनुभव। या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से पत्रकारिता/ मास कम्युनिकेशन/ संबंधित क्षेत्र में डिग्री/ पीजी डिप्लोमा और किसी भी मुख्यधारा के मीडिया में कम से कम 03 वर्ष का अनुभव। ii. भाषा प्रवीणता हिंदी/अंग्रेजी और हिंदी, छत्तीसगढ़ी |
| | कार्य की प्रकृति | I. क्षेत्रीय केंद्र/स्ट्रिंगरों से संपादकीय समन्वय II. क्षेत्रीय केंद्रों में क्षेत्रों की देखरेख III. समाचारों की कहानियों को प्राथमिकता देना IV. सभी कहानियों में मेटा डेटा जोड़ना V. सभी कहानी इनपुट के साथ वीडियो/ फोटो/ ग्राफिक्स को टैग करना VI. प्रौद्योगिकी का उपयोग करके वीडियो/ ऑडियो को टेक्स्ट में बदलना, उसके बाद वांछित गुणवत्ता जांच सुनिश्चित करना VII. अनुवाद वांछित VIII. साझा फीड प्लेटफॉर्म पर समय पर जानकारी फीड करना। |
| 7 | आयु | अधिसूचना की तिथि को 35 वर्ष से कम। |

आवेदन की अंतिम तिथि इस विज्ञापन के प्रकाशन से 15 दिन है।
**अधिक जानकारी के लिए कृपया https://prasarbharati.gov.in/pbvacancies/ पर जाएं।**

CBC 22301/12/0005/2425



# ‘भूत बंगला’ में शामिल हुईं वामिका गब्बी

**मुंबई।** अक्षय कुमार ने हॉरर-कॉमेडी ‘भूत बंगला’ की घोषणा करके अपने प्रशंसकों को खुश किया। अभिनेता ने एक मोशन पोस्टर भी साझा किया जिसे दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। वहीं, अब फिल्म से जुड़ी नई जानकारी सामने आई रही है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अभिनेत्री वामिका गब्बी फिल्म की टीम में शामिल हो गई हैं। फिल्म की शूटिंग अगले साल शुरू होगी। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि वामिका ने डिजिटल दुनिया में अपने काम से सभी को प्रभावित किया है और अब वह बेबी जॉन और भूत बंगला जैसी फिल्मों के साथ थिएटर मीडियम पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं।

लाइफ Style

# काजोल



## एक्टिंग को पूरी जिंदगी नहीं बनानी चाहिए

अभिनेत्री काजोल और कृति सेनन की फिल्म ‘दो पत्ती’ ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। फिल्म में अपने किरदार को लेकर दिए एक इंटरव्यू में काजोल ने खुलकर बात की है। काजोल ने कहा कि किसी भी फिल्म में पुलिस का किरदार निभाना सिर्फ किरदार निभाना नहीं होता है, ये एक जिम्मेदारी होती है। बात करने का तरीका बदल जाता है। बोलने का लहजा भी बदल दिया है।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पुलिस अफसर फिल्म में पहाड़ी इलाके से आती हैं, जिसका किरदार काजोल निभा रही हैं। काजोल ने कहा कि जब उनकी मां और बाकि परिवार एक साथ बैठता है तो वे बातें करते हैं। उनका और उनके परिवार का मानना है कि एक्टिंग आपका काम है, इसे पूरी जिंदगी नहीं बनानी चाहिए। मैं इसी बात को मानती हूं और कोशिश करती हूं, इसी तरह से काम करूं। काजोल कहती हैं, ‘आज तो सिनेमा टेक्निकली बहुत एडवांस हो गया है। लेकिन, मैंने जब फिल्मी करियर शुरू किया, तब ऐसा नहीं था। उस समय शूटिंग करना काफी मुश्किल होता था। खासकर अगर डबल रोल कर रहे हैं तो समस्या और भी बढ़ जाती थी। ऐसे में कलाकार को बहुत सोच-समझकर अभिनय करना होता था। एक सीमित समय में ही अपना शॉट देना होता था।’

दरअसल, काजोल नब्बे और उससे पहले के दशक की बात कर रही हैं, जब चार मिनट का कैमरा रोल होता था, उसमें ही कलाकार को अपना सीन ओके करना होता। दोबारा अपना सीन करने की गुंजाइश बिल्कुल नहीं बचती थी। काजोल ने ‘दुश्मन (1998)’ और ‘कुछ खट्टी कुछ मीठी (2001)’ में डबल रोल किया। ‘दुश्मन’ एक मनोवैज्ञानिक थ्रिलर फिल्म थीं, इस फिल्म को दर्शकों ने काफी सराहा।

# टाइगर असल जिंदगी में मेरे छोटे हैं : अक्षय



मुंबई। बॉलीवुड के पावरहाउस अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ अपनी धमाकेदार एक्शन कॉमेडी, बड़े मियां छोटे मियां से दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं। अली अब्बास जफर द्वारा निर्देशित इस फिल्म का प्रीमियर सोनी मैक्स पर होगा। टाइगर मेरे छोटे भाई की तरह हैं। हम तुरंत कनेक्ट हो गए, और हमारी दोस्ती कमाल की है। हमने कई घंटे साथ बिताए। इसमें इंटेंस एक्शन सीक्वेंस करने से लेकर वॉलीबॉल और लूडो जैसे गेम खेलना शामिल था। वह पूरी तरह से पेशेवर हैं। मैंने उससे बहुत कुछ सीखा है। अगर मैं ईमानदारी से कहूं तो मैं टाइगर के साथ शूटिंग मिस करने वाला हूं। वह असल जिंदगी में मेरे छोटे हैं। सोनी मैक्स पर प्रीमियर से पहले अक्षय कुमार ने टाइगर श्रॉफ के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा किया। बड़े मियां छोटे मियां क्लासिक फ़िल्म का आधुनिक रूप है, जिसमें रोमांचकारी कहानी, शानदार दृश्य और दमदार एक्शन सीक्वेंस हैं। फिल्म दो पूर्व सैनिकों की कहानी है जो दुनिया को एक बड़े खतरे से बचाने के लिए सेना में शामिल होते हैं। बड़े मियां छोटे मियां एक्शन, कॉमेडी और ड्रामा का एक बेहतरीन मिश्रण है। यह हर उम्र के दर्शकों का मनोरंजन करने का वादा करती है। 27 अक्टूबर को रात 8 बजे सोनी मैक्स पर फ़िल्म का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर देखना न भूलें।

# बोलने के लिए तो बहुत कुछ है



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर अभिषेक बच्चन ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने इस पोस्ट के जरिए अपनी आने वाली फिल्म ‘आई वॉन्ट टू टॉक’की रिलीज डेट अनाउंस की है। दिलचस्प बात तो ये है कि इस फिल्म का निर्देशन शूजित सिरकार कर रहे हैं। बता दें, इससे पहले, शूजित सिरकार, अभिषेक की ब्लॉकबस्टर फिल्म ‘पा’का निर्देशन कर चुके हैं। अभिषेक ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, ‘बोलने के लिए तो बहुत कुछ है, लेकिन एक फिल्म हजारों शब्द बोलती है। **#IWantToTalk** 22 नवंबर के दिन सिनेमाघरों में रिलीज होगी।’ फिल्म के पोस्टर पर श्वेता बच्चन नंदा, जोया अख्तर, सोनाली बेंद्रे आदि सेलेब्स ने रिएक्ट किया है। वहीं लोग इस फिल्म के लिए उत्साहित नजर आ रहे हैं। बॉक्स ऑफिस पर अभिषेक की फिल्म का चार अन्य फिल्मों के साथ क्लैश होने वाला है।

# कॉस्मेटिक सर्जरी के दावों पर भड़कीं आलिया




**मुंबई।** अभिनेत्री आलिया भट्ट ने शुक्रवार, 25 अक्टूबर को एक लंबा नोट शेयर किया, जिसमें उसने उन लोगों की आलोचना की, जो उनकी टेढ़ी मुस्कान, बोलने के अजीब तरीके और ‘बोटोक्स के गलत इस्तेमाल के लिए उनकी बॉडी शेमिंग कर रहे हैं। उन्होंने सभी को याद दिलाया कि किसी महिला के शरीर पर अपनी टिप्पणियों के बारे में संवेदनशील रहें और किसी के बारे में बिना किसी सबूत, बिना किसी पुष्टि के अफवाह फैलाने से पहले सावधान रहें। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आंका जाता है और अक्सर उन्हें यह एहसास कराया जाता है कि वे जिस तरह से हैं, वे पर्याप्त नहीं हैं। आलिया ने इस बात पर भी सवाल उठाया कि किसी के दिखावे के बारे में लेख और टिप्पणियां युवा, प्रभावशाली दिमाग पर किस तरह से प्रभाव डालती हैं। उन्होंने लिखा, ‘कॉस्मेटिक सुधार या सर्जरी का चयन करने वाले किसी भी व्यक्ति के प्रति बिल्कुल भी निर्णय नहीं, आपका शरीर, आपकी पसंद।

# सारा ने शुरू की आयुष्मान के साथ मनाली में शूटिंग



मुंबई। सारा अली खान ने आधिकारिक तौर पर अपनी अगली अनटाइटल्ड फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है, जिसमें उनके साथ आयुष्मान खुराना नजर आएंगे। फिल्म के मुख्य कलाकार आयुष्मान और सारा इस वक्त हिमाचल प्रदेश के मनाली में शूटिंग कर रहे हैं। सारा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर निर्देशक आकाश कौशिक के साथ बिहाइंड द सीन की तस्वीर साझा की हैं, जो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। सारा अली खान ऊनी लेगिंग के साथ प्रिंटेड पफ्ड जैकेट पहने नजर आ रही हैं। वहीं, आयुष्मान खुराना भी निर्देशक आकाश कौशिक के साथ पोज देते और अपने चेहरे पर हल्की मुस्कान बिखेरते नजर आ रहे हैं। इसके अलावा सारा ने मनाली में हिडिम्बा मंदिर के दर्शन करते हुए एक तस्वीर साझा की। इस तस्वीर में सारा बेहद खुश नजर आ रही हैं। उनके चेहरे से साफ जाहिर हो रहा है कि वह हिडिम्बा मंदिर के दर्शन कर बेहद खुश हैं।

# ‘थम्बा’ में खलनायक बन दहशत फैलाएंगे



**नई दिल्ली।** नवाजुद्दीन सिद्दीकी को आगामी वैम्पायर कॉमेडी फिल्म ‘थम्बा’ में खलनायक की भूमिका निभाने के लिए चुना गया है। आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना अभिनीत यह फिल्म निर्माता दिनेश विजान की हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स का एक हिस्सा है। यह खबर ऐसे समय में आई है, जब पिछले महीने ही इस परियोजना का नाम बदलकर मूल शीर्षक ‘वैम्पायर्स ऑफ विजय नगर’ से बदलकर ‘थम्बा’ कर दिया गया था। ‘थम्बा’ में नवाजुद्दीन सिद्दीकी का किरदार सनकी और हिंसक बताया गया है, जो प्राचीन विजयनगर साम्राज्य से ताल्लुक रखता है। नवाजुद्दीन के खलनायक के किरदार की कल्पना एक विलक्षण, लेकिन हिंसक चरित्र के रूप में की गई है, जो सदियों पहले रहता था। वह बदला लेने और दो प्रमुख पात्रों के भाग्य को नियंत्रित करने के लिए वर्तमान में यात्रा करता है। ‘थम्बा’ के मुख्य कलाकारों ने अपनी भूमिकाओं के लिए तैयारी शुरू कर दी है। रश्मिका मंदाना का लुक टेस्ट पिछले महीने हुआ था, जबकि खुराना का गुरुवार को है। आदित्य सरपोतदार के निर्देशन में यह फिल्म नवंबर के अंत या दिसंबर की शुरुआत में रिलीज होने की उम्मीद है। पहले दो सप्ताह का कार्यक्रम मुंबई में रात्रि पाली से शुरू होगा, उसके बाद जनवरी में दिल्ली में कार्यक्रम होगा और अंतिम कार्यक्रम दक्षिण भारत में होगा।



खबर संक्षेप

## आईटीसी का शुद्ध लाभ बढ़कर 5,054 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** विविध कारोबार क्षेत्रों में कार्यरत लिमिटेड का सितंबर, 2024 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 1.8 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 5,054.43 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। आईटीसी ने शेयर बाजारों को जुलाई-सितंबर, 2024 तिमाही के वित्तीय परिणाम की सूचना दी।

## एनआईआईटी का शुद्ध लाभ 11 प्रतिशत बढ़ा



**नई दिल्ली।** कौशल और प्रतिभा विकास कंपनी एनआईआईटी का चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 11.18 प्रतिशत बढ़कर 11.83 करोड़ रुपये हो गया। एनआईआईटी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को इस तिमाही नतीजे की सूचना दी। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी का शुद्ध लाभ 10.64 करोड़ रुपये था।

## एचपीसीएल के शुद्ध लाभ में 98 प्रतिशत गिरावट



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (एचपीसीएल) का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में 97.5 प्रतिशत लुढ़क कर 142.67 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का रिफाइनरी और विपणन मार्जिन घटने से लाभ कम हुआ है। 2023-24 की दूसरी तिमाही में 5,826.96 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था।

# नौकरों व कुत्तों को भी मिलेगी रतन टाटा की दौलत, कर गए सबके लिए इंतजाम

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

उद्योगपति रतन टाटा का इसी महीने की 9 तारीख को निधन हो गया था। जीवनभर सादगी की मिसाल रहे रतन टाटा जाते-जाते भी अपनी दरियादिली का सबूत दे गए। उनके निधन के बाद अब उनकी वसीयत सामने आई है, जिसमें उन्होंने अपने पालतू जर्मन शेफर्ड कुत्ते 'टिटो' के लिए भी एक हिस्सा रखा है। वहीं इस वसीयत में उनके कुक राजन शॉ और बटलर सुब्बियाह के लिए भी व्यवस्था की गई है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक रतन टाटा की निजी संपत्ति करीब 10,000 करोड़ रुपए होने का अनुमान है। वसीयत में उनके भाई जिम्मी टाटा, उनकी सौतेली बहन शिरीन और डिना जीजभॉय के लिए भी एक हिस्सा रखा गया है, बाकी ज्यादातर संपत्ति उनके अपने फाउंडेशन के नाम कर दी गई है, जो टाटा परिवार की एक परंपरा की तरह है।

## रतन टाटा की निजी संपत्ति करीब 10 हजार करोड़ रुपए होने का अनुमान

### 6 साल पहले गोद लिया था टिटो

रतन टाटा की संपत्ति में उनके जर्मन शेफर्ड कुत्ते 'टिटो' के लिए संपत्ति का हिस्सा रखा गया है। इससे जब तक 'टिटो' जिंदा है, तब तक उसकी अनलिमिटेड केयर की जाएगी। इस कुत्ते को उन्होंने करीब 6 साल पहले गोद लिया था। इसका नाम टिटो उनके पुराने कुत्ते के नाम पर ही रखा गया, जिसने उसी वक्त अपनी आखिरी सांस ली थी। भारत में इस तरह किसी का अपनी संपत्ति अपने पालतू पशु के नाम करना हो सकता है, नई घटना हो। लेकिन विदेशों में इस तरह की परंपरा काफी पहले से है।



■ टाटा ज्यादातर संपत्ति अपने फाउंडेशन के नाम कर गए

*शांतनु नायडू का लोन किया माफ : लंबे समय से रतन टाटा के सहयोगी रहे शांतनु नायडू को भी उनकी वसीयत में जगह मिली है। शांतनु नायडू के स्टार्टअप 'गुडफेलोस' में रतन टाटा की जो हिस्सेदारी थी, उसे अब खत्म कर दिया गया है। इतना ही नहीं शांतनु नायडू की विदेश में पढ़ाई के लिए उसे जो लोन दिया गया था, उसे भी माफ कर दिया गया है। इसके अलावा रतन टाटा की संपत्ति का ज्यादातर हिस्सा टाटा संस और टाटा ग्रुप की अलग-अलग कंपनियों में उनकी हिस्सेदारी है। इसे अब रतन टाटा एंडाउनमेंट फाउंडेशन को ट्रांसफर कर दिया जाएगा।*

### नौकरों के लिए विदेश से लाते थे डिजाइनर कपड़े

रतन टाटा की वसीयत में उनके लिए लंबे समय तक कुक का काम करने वाले राजन शॉ और उनके लिए करीब 30 साल से बटलर की भूमिका निभा रहे सुब्बियाह के लिए भी संपत्ति का प्रावधान किया गया है। अपने हाउसहोल्ड स्टाफ के साथ रतन टाटा का इतना गहरा रिश्ता था कि विदेश यात्रा से लौटते वक्त वह अक्सर उनके लिए डिजाइनर कपड़े लेकर आया करते थे। अपने घर के सभी नौकरों के बेहतर भविष्य के लिए रतन टाटा अपनी वसीयत में इंतजाम करके गए हैं।

### एसबीआई की आर्थिक शोध विभाग ने जारी की रिपोर्ट

# पांच लाख तक सालाना आमदनी वालों की आय असमानता में 74 प्रतिशत की कमी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पांच लाख रुपये तक की सालाना आमदनी वाले लोगों के लिए आय असमानता वित्त वर्ष 2013-14 और 2022-23 के बीच 74.2 प्रतिशत तक घट गई है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई।

भारत में 'असमानता की स्थिति बिगड़ने के बहुप्रचारित मिथक' को स्पष्ट करने के लिए एसबीआई के आर्थिक विभाग की शोध रिपोर्ट ने आकलन वर्ष 2014-15 और 2023-24 के आय असमानता प्रवृत्तियों का विश्लेषण किया है।

### आय असमानता पर अध्ययन

रिपोर्ट के मुताबिक, कर आकलन वर्ष 2014-15 और 2023-24 के दौरान आय असमानता के तुलनात्मक अध्ययन से पता चलता है कि आय वितरण वक्र में स्पष्ट रूप से दाईं ओर झुकाव हुआ है। इसका मतलब है कि निम्न आय वर्ग के लोग आबादी में अपनी हिस्सेदारी के अनुपात में अपनी आय को भी बढ़ा रहे हैं।

### आईटीआर की संख्या उछलकर 8.6 करोड़

*आकलन वर्ष 2023-24 के दौरान दाखिल आईटीआर की संख्या उछलकर करीब 8.6 करोड़ हो गई जो 2021-22 में लगभग 7.3 करोड़ थी। कुल 6.89 करोड़ यानी 79 प्रतिशत रिटर्न नियत तिथि पर या उससे पहले दाखिल किए गए।*

- असमानता की स्थिति बिगडने के बहुप्रचारित मिथक को किया स्पष्ट
- आकलन वर्ष 2014-15 व 2023-24 का किया विश्लेषण
- आय वितरण वक्र में स्पष्ट रूप से दाईं ओर झुकाव हुआ है



### आईटीआर दाखिल करने में यूपी की हिस्सेदारी बढ़ रही

शोध रिपोर्ट के अनुसार, आयकर आधार में पारंपरिक रूप से अग्रणी रहने वाले महाराष्ट्र, दिल्ली, गुजरात और कर्नाटक जैसे राज्य आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने में उच्चतम स्तर के करीब पहुंच रहे हैं और कुल कर आधार में उनकी हिस्सेदारी घट रही है। आईटीआर जमा करने में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी तेजी से बढ़ी है और उसके बाद बिहार, आंध्र प्रदेश, पंजाब और राजस्थान का स्थान है।

*निम्न आय वर्ग ने सकारात्मक वृद्धि दर्ज की : एसबीआई की रिपोर्ट कहती है कि निम्न आय वर्ग (5.5 लाख रुपये से कम आमदनी) ने पिछले दशक में अध्ययन काल की समूची अवधि (आकलन वर्ष 2019-20 को छोड़कर) में सकारात्मक वृद्धि दर दर्ज की है।*

*राजस्व में प्रत्यक्ष करों का योगदान बढ़ा : एसबीआई रिपोर्ट के मुताबिक, प्रगतिशील कराधान व्यवस्था को अपनाने से कुल कर राजस्व में प्रत्यक्ष करों का योगदान आकलन वर्ष 2023-24 में बढ़कर 56.7 प्रतिशत तक पहुंच गया, जो 14 वर्षों में सबसे अधिक है। प्रत्यक्ष करों का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में अनुपात आकलन वर्ष 2023-24 में 6.64 प्रतिशत तक बढ़ गया जो 2000-01 के बाद से सबसे अधिक है।*

### निम्न वर्ग के लोगों की आय बढ़ रही

रिपोर्ट कहती है, /"हमारे विश्लेषण से पता चलता है कि पांच लाख रुपये तक की आय वाले लोगों के लिए आय असमानता कवरेज में कुल मिलाकर 74.2 प्रतिशत की गिरावट आई है। यह दर्शाता है कि सरकार के निरंतर प्रयास आर्थिक पिरामिड के निचले हिस्से तक पहुंच रहे हैं। इससे 'निम्न आय वर्ग' के लोगों की आय बढ़ रही है।/"

### 3.5 लाख की आय वालों की हिस्सेदारी 31.8 फीसदी थी

रिपोर्ट के मुताबिक, 3.5 लाख रुपये तक की आय वाले लोगों की आय असमानता में हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2013-14 में 31.8 प्रतिशत थी जो वित्त वर्ष 2020-21 में घटकर 12.8 प्रतिशत हो गई। इस समूह की आय हिस्सेदारी उनकी आबादी की तुलना में 19 प्रतिशत तेजी से बढ़ी है।

# लगातार पांचवें दिन लुढ़का शेयर बाजार, सेंसेक्स 663 अंक टूटा

एजेंसी ▸▸ मुंबई

घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में शुक्रवार को भी जारी रहा। चौतरफा बिकवाली के दबाव के बीच बीएसई सेंसेक्स लगभग 663 अंक गिरकर 80,000 के स्तर से काफी नीचे आ गया जबकि निफ्टी 24,200 के नीचे फिसल गया।

विश्लेषकों ने कहा कि बड़े पैमाने पर विदेशी पूंजी निकासी और कंपनियों के तिमाही नतीजे उम्मीदों के अनुरूप न होने से बना व्यापक बिकवाली का दबाव बाजार में इस गिरावट की प्रमुख वजह रहे। कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में तेजी और भू-राजनीतिक अनिश्चितता से भी धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 662.87 अंक गिरकर 79,402.29 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 927.18 अंक लुढ़कते हुए 79,137.98 तक आ गया था। निफ्टी भी 218.60 अंक गिरकर 24,180.80 पर बंद हुआ। इसके साथ ही इस पूरे कारोबारी सप्ताह में गिरावट का सिलसिला जारी रहा। घरेलू बाजार विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली लगातार जारी रहने की वजह से गिरावट पर हैं।



- निवेशकों को 6.80 लाख करोड़ रुपए का घाटा
- निफ्टी 218 अंक टूटकर 24,200 के नीचे फिसला

**इन शेयरों में रही घट-बढ़ :** सेंसेक्स के शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो, एनटीपीसी, अदाणी पोर्ट्स, टाटा स्टील, मारुति सुजुकी, बजाज फाइनेंस और टाइटन के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ आईटीसी के शेयर बेहतर तिमाही नतीजों के दम पर दो प्रतिशत से अधिक चढ़ गए। एक्सिस बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, सन फार्मा और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी लाभ के साथ बंद हुए।

### निवेशकों की संपत्ति 6.80 लाख करोड़ रुपए घटी

शेयर बाजार में गिरावट के कारण शुक्रवार को निवेशकों की संपत्ति 6.80 लाख करोड़ रुपये घट गई। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 6,80,383.26 करोड़ रुपये घटकर 4,36,98,921.66 करोड़ रुपये (5.20 लाख करोड़ डॉलर) पर रहा।

बिजनेस साइट

## त्योहारी सीजन में वी-स्क्वेयर और विमल वाटिका का शॉपिंग फेस्टिवल

**रायपुर।** वी-स्क्वेयर और विमल वाटिका में त्योहारी सीजन पर चल रहे शॉपिंग फेस्टिवल को ग्राहकों से जबर्दस्त रिस्पांस मिल रहा है। 3 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक आयोजित इस फेस्टिवल में दिवाली और शादी सीजन के लिए लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं। इस दौरान ग्राहकों को हर दिन गोल्ड क्वॉइन जीतने का अवसर मिल रहा है, साथ ही हर खरीद पर उपहार भी दिए जा रहे हैं। वी-स्क्वेयर के डायरेक्टर महेश चौधरी के अनुसार, इस शॉपिंग फेस्टिवल का आयोजन वी-स्क्वेयर की पहली वर्षगांठ और त्योहारी सीजन को ध्यान में रखकर किया गया है। विधानसभा रोड, साइंस सेंटर टर्निंग पर स्थित इस स्टोर में सभी प्रमुख ब्रांड्स के पुरुष, महिला और बच्चों के परिधान उपलब्ध हैं। यहां पर टॉप ब्रांड के सूटिंग, शर्टिंग और कुर्ते-ब्लेजर के कपड़ों के अलावा स्टीचिंग की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। दिवाली के लिए पहले से बुकिंग शुरू हो गई है। विमल वाटिका, जो पंडरी में स्थित है, एक एक्सक्लूसिव मेन्स वियर स्टोर है और इस फेस्टिवल में भी ग्राहकों का ध्यान आकर्षित कर रहा है।




■ हर दिन गोल्ड क्वॉइन जीतने का मौका, हर खरीद पर गिफ्ट

## सोने में 1,150 रुपए की गिरावट और चांदी 2,000 रुपए फिसली

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

आभूषण विक्रेताओं और खुदरा कारोबारियों की सुस्त मांग के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 1,150 रुपये लुढ़क कर 80,050 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी।

चांदी भी बिकवाली दबाव में रही और 2,000 रुपये फिसलकर एक लाख रुपये से नीचे 99,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। इससे पहले बृहस्पतिवार को चांदी 1.01 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इसके अतिरिक्त 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 350 रुपए गिरकर 80,450 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया, जबकि पिछले दिन इसका भाव 80,800 रुपए प्रति 10 ग्राम था। जबकि 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,150 रुपए गिरकर 80,050 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया, जबकि बृहस्पतिवार को इसका भाव 81,200 रुपए प्रति 10 ग्राम था।

कारोबारियों ने कहा कि स्थानीय बाजारों में आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की कमजोर मांग तथा विदेशी बाजारों में कमजोरी के रुख के कारण सोने की कीमतों पर असर पड़ा। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) के वायदा कारोबार में दिसंबर डिलीवरी वाले सोने की कीमत 406 रुपये अथवा 0.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,921 रुपये प्रति 10 ग्राम रही।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.16 अरब डॉलर घटकर 688.27 अरब डॉलर

एजेंसी ▸▸ मुंबई

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 18 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 2.16 अरब डॉलर घटकर 688.27 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10.75 अरब डॉलर घटकर 690.43 अरब डॉलर रहा था। हाल के दिनों में मुद्रा भंडार में आई यह सबसे बड़ी गिरावट थी। इससे पहले के सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 3.71 अरब डॉलर घटकर 701.18 अरब डॉलर रह गया था। सितंबर के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.89 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। भारतीय रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 18 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.87 अरब डॉलर घटकर 598.24 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।



### स्वर्ण भंडार के मूल्य में बढ़ोतरी

समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 1.79 करोड़ डॉलर बढ़कर 67.44 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 6.8 करोड़ डॉलर घटकर 18.27 अरब डॉलर रह गया। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 1.6 करोड़ डॉलर घटकर 4.32 अरब डॉलर रहा।

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श–राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
94060-21769

## धनतेरस और दीपावली पर सुमीत ज्वेलर्स में खास ज्वेलरी कलेक्शन

**रायपुर।** मालवीय रोड स्थित सुमीत ज्वेलर्स ने धनतेरस और दीपावली के अवसर पर अपने गोल्ड, डायमंड और सिल्वर ज्वेलरी में लेटेस्ट कलेक्शन उपलब्ध है। यहां लाइटवेट से लेकर हैवी ज्वेलरी की खास रेंज उपलब्ध है, जिसमें डायमंड ज्वेलरी में रूबी, एमराल्ड, तंजानाइट और टूमलाइन जैसे एक्सक्लूसिव विकल्प शामिल हैं। त्योहारों के दौरान विक्टोरियन ज्वेलरी की शानदार कलेक्शन भी ग्राहकों द्वारा पसंद की जा रही है। अंकित कांकरिया के अनुसार, त्योहारों में पारंपरिक ज्वेलरी के साथ-साथ फ्यूजन ज्वेलरी का भी क्रेज बढ़ा है, इसमें लाइटवेट की डिजाइनर ज्वेलरी की युवा ग्राहकों में काफी डिमांड देखी गई है। सुमीत ज्वेलर्स में धनतेरस, दिवाली और आगामी शादी सीजन के लिए बुकिंग तेजी से हो रही है। उन्होंने कहा कि सुमीत ज्वेलर्स परंपरागत और आधुनिक ज्वेलरी डिजाइनिंग के लिए प्रसिद्ध है, और हर खरीद पर ग्राहकों को उपहार भी दिए जा रहे हैं। यहां एंटीक, रजवाड़ा और कुंदन ज्वेलरी का ट्रेंडिंग कलेक्शन उपलब्ध है।



## एसईसीएल की सीएसआर पहल के तहत 20 बच्चों की सफल हृदय सर्जरी

**रायपुर।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) की सीएसआर पहल 'एसईसीएल की धड़कन' के अंतर्गत 20 बच्चों के जन्मजात हृदय रोग की सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। रायपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में एसईसीएल के निदेशक (कार्मिक) बिरंची दास ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने कहा कि कोयलांचल के हर व्यक्ति को परिवार का हिस्सा मानते हुए, उनके स्वास्थ्य के प्रति एसईसीएल की प्रतिबद्धता स्पष्ट है। इस योजना का लक्ष्य उन बच्चों को चिकित्सा सुविधा प्रदान करना है, जो गंभीर हृदय समस्याओं का सामना कर रहे हैं और इलाज का खर्च नहीं उठा सकते। इस पहल के लिए एसईसीएल ने श्री सत्य साई हेल्थ एंड एजुकेशन ट्रस्ट, रायपुर के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह साझेदारी छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में जन्मजात हृदय दोष से पीड़ित बच्चों की स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारने के लिए महत्वपूर्ण है।



हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत नि:शुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

टेस्ट : न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में पांच विकेट पर बनाए 198 रन

# 'शेर' 156 पर ढेर, 'कीवी' टीम की बढ़त 300 रन पार, स्पिनरों ने झटके 14 विकेट

एजेंसी ▶▶| पुणे

बेहतरीन स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ भारतीय शेरों की कमजोरी की कलई खुल गई और दूसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को न्यूजीलैंड के कीवियों ने 301 रन की मजबूत बढ़त बना ली। भारतीय टीम पहली पारी में 45.3 ओवर में 156 रन पर आउट हो गई। मिचेल सेंटनेर ने सात विकेट चटकाए। टॉम लाथम (86) ने न्यूजीलैंड को पांच विकेट पर 198 रन तक पहुंचाया। न्यूजीलैंड को पहली पारी में 103 रन की बढ़त मिली थी। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर टॉम ब्लंडेल 30 और ग्लेन फिलिप्स सात रन बनाकर खेल रहे थे। भारत के लिए एकमात्र अच्छी बात वॉशिंगटन सुंदर का प्रदर्शन रही जिन्होंने मैच में 11 विकेट ले लिए हैं।

न्यूजीलैंड की नजरें भारत में श्रृंखला में ऐतिहासिक जीत पर लगी है। पहली बार न्यूजीलैंड ने 1955-56 के दौरे पर यहां श्रृंखला जीती थी। भारतीय बल्लेबाजों को इस पिच पर खेलने में दिक्कत आ रही थी लेकिन न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने आराम से खेला। बेंगलुरु में पिछले टेस्ट में घरेलू मैच में अपने न्यूनतम स्कोर 46 रन पर सिमटने वाली भारतीय टीम न्यूजीलैंड से 36 साल में पहली बार अपने देश में टेस्ट हारी थी। भारत ने इंग्लैंड से 2012-13 सत्र में हारने के बाद अपनी सरजमीं पर टेस्ट श्रृंखला नहीं गंवाई है।



## स्कोर बोर्ड

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का मिचेल बो फिलिप्स | 30 | 60 | 4 | 0 |
| रोहित शर्मा बो साउदी | 00 | 09 | 0 | 0 |
| शुभमन पगबाधा बो सेंटनेर | 30 | 72 | 2 | 1 |
| विराट कोहली बो सेंटनेर | 01 | 09 | 0 | 0 |
| ऋषभ पंत बो फिलिप्स | 18 | 19 | 2 | 0 |
| सरफराज का राउरकी बो सेंटनेर | 11 | 24 | 1 | 0 |
| जडेजा पगबाधा बो सेंटनेर | 38 | 46 | 3 | 2 |
| अश्विन पगबाधा बो सेंटनेर | 04 | 05 | 0 | 0 |
| वॉशिंगटन सुंदर नाबाद | 18 | 21 | 2 | 1 |
| आकाश दीप बो सेंटनेर | 06 | 05 | 0 | 1 |
| बुमराह पगबाधा बो सेंटनेर | 00 | 03 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 00, योग : 45.3 ओवर में 156/10
गेंदबाजी : साउदी 6-1-18-1, ओ राउरकी 3-2-5-0, पटेल 11-1-54-0, सेंटनेर 19.3-1-53-7, फिलिप्स 6-0-26-2.

| न्यूजीलैंड दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| लैथम पगबाधा बो सुंदर | 86 | 133 | 10 | 0 |
| कोनवे पगबाधा बो सुंदर | 17 | 25 | 2 | 0 |
| विल यंग पगबाधा बो अश्विन | 23 | 28 | 2 | 0 |
| रचिन रविंद्र बो सुंदर | 09 | 13 | 1 | 0 |
| मिचेल का जायसवाल बो सुंदर | 18 | 23 | 2 | 0 |
| टॉम ब्लंडेल खेल रहे हैं | 30 | 70 | 2 | 0 |
| ग्लेन फिलिप्स खेल रहे हैं | 09 | 29 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 06, कुल : 53 ओवर में 198/5
गेंदबाजी : अश्विन 17-1-64-1, सुंदर 19-0-56-4, जडेजा 11-1-50-0, बुमराह 6-1-25-0.

### 23 साल में पहली बार दो मैचों में दी बढ़त


न्यूजीलैंड ने बेंगलुरु में खेले गए पहले टेस्ट मैच में पहली पारी के आधार पर बढ़त ले ली थी। पुणे टेस्ट मैच में भी वह इस काम में सफल रही। 2001 के बाद ये पहली बार जब भारत ने अपने घर में लगातार दो मैचों में पहली पारी में बढ़त दी है। ऑस्ट्रेलिया ने साल 2001 में वानखेड़े में खेले गए टेस्ट मैच में 173 और फिर कोलकाता में खेल गए टेस्ट मैच में 274 रनों की बढ़त ले ली थी।

### यशस्वी के साल में 1000 रन पूरे

यशस्वी ने इस मैच में जो पारी खेली उस दौरान इस साल टेस्ट क्रिकेट में अपने 1000 रन पूरे कर लिए हैं। वह साल 2024 में टेस्ट क्रिकेट में 1000 रन पूरे करने वाले दूसरे ही बल्लेबाज हैं। उनसे पहले ये काम इंग्लैंड के जो रूट ने किया है। रूट ने इस साल अभी तक खेले 14 टेस्ट मैचों में 1305 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका औसत 59.31 का रहा है। यशस्वी अब उनकी लिस्ट में शामिल हो गए हैं। यशस्वी ने इस साल 10 टेस्ट मैचों में 1007 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 59.23 का रहा है।

जोहोर कप

## भारत ने न्यूजीलैंड से ड्रॉ खेला, 10 अंक से शीर्ष पर



एजेंसी ▶▶| जोहोर बाहरू

न्यूजीलैंड के खिलाफ सुल्तान जोहोर कप में शुक्रवार को खेले गए राउंड रॉबिन मुकाबले में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3-3 से ड्रॉ खेला। गुरजोत सिंह (छठा मिनट), रोहित (17वां) और टी प्रियब्रत (60वां) ने भारत के लिए गोल किए जबकि ड्रैग फ्लिकर जोंटी एल्मेस (17वां, 32वां और 45वां मिनट) ने न्यूजीलैंड के लिए हैट्रिक लगाई।

भारत अंकतालिका में 10 अंकों के साथ शीर्ष पर है। फाइनल में पहुंचने पर फैसला ब्रिटेन और आस्ट्रेलिया के क्रमशः जापान और मलेशिया के खिलाफ होने वाले मैचों के आधार पर होगा। भारत ने दमदार शुरुआत की और छठे ही मिनट में गुरजोत ने गोल किया। दो मिनट बाद भारत को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन गोल नहीं हो सका। इस बीच न्यूजीलैंड ने पलटवार पर हमले किए लेकिन भारतीय डिफेंस ने उन्हें कामयाब नहीं होने दिया। न्यूजीलैंड के लिए पहला गोल 17वें मिनट में एल्मेस ने दागा। भारत ने इसी मिनट में रोहित के गोल के दम पर फिर बढ़त बना ली।

न्यूजीलैंड के लिए तीसरे क्वार्टर में एल्मेस ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किया। उन्होंने ही 45वें मिनट में एक और गोल करके न्यूजीलैंड की बढ़त 3-2 की कर दी। भारत को आखिरी मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर वैरिएशन आजमाया गया और प्रियब्रत ने गोल दागा।

## खबर संक्षेप




### मैराथन को हरी झंडी दिखाएंगे तेंदुलकर

**कोच्चि।** भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर रविवार को यहां स्पाइस कोस्ट मैराथन को हरी झंडी दिखाएंगे जिसमें 8000 से अधिक धावक भाग लेंगे।स्पर्धा में तीन वर्ग फुल मैराथन (42.2 किलोमीटर), हाफ मैराथन (21.1 किलोमीटर) और फन रन (पांच किलोमीटर) होंगे। फुल मैराथन के लिए 600 प्रविष्टियां मिली हैं। तेंदुलकर ने कहा, 'एजियास फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कोच्चि स्पाइस कोस्ट मैराथन की मेरे दिल में खास जगह है। मैने हमेशा से भारत के खेल राष्ट्र बनने का सपना देखा है जिसमें युवा और बुजुर्ग खेलकूद में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें और इस तरह के आयोजन की सफलता इसी की बानगी देती है।'

### लिम-श्मिट ने मुखर्जी और बालू की जोड़ी को हराया

**नई दिल्ली।** सारा जेन लिम और एमिलिया श्मिट ने शुक्रवार को यहां डीएलटीए स्टेडियम में पीडब्ल्यूआर डीयूपीआर इंडिया मास्टर्स पिकलबॉल चैंपियनशिप के दूसरे क्वार्टरफाइनल में भारत की अमृता मुखर्जी और शर्मदा बालू को 11-1, 11-2 से पराजित किया। लिम और श्मिट की जोड़ी ने शुरू से दबदबा बनाते हुए जीत दर्ज की। उनकी तकनीकी श्रेष्ठता और स्मैश का भारतीय जोड़ी के पास कोई जवाब नहीं था। पिकलबॉल विश्व रैंकिंग नई दिल्ली में पीडब्ल्यूआर विश्व टूर की पीडब्ल्यूआर700 स्पर्धा पर पीडब्ल्यूआर डीयूपीआर इंडिया मास्टर्स की मेजबानी कर रहा है।



### डि मिनौर क्वार्टर में बनाई जगह

**वियना।** आस्ट्रेलिया के एलेक्स डि मिनौर एर्स्टे बैंक ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए जब फ्लावियो कोबोली कंधे की चोट के कारण बाहर हो गए। दूसरी वरीयता प्राप्त मिनौर का सामना अब 19 वर्ष के जाकूब मेंसिक से होगा। कारेन खाचानोव ने ब्रेंडन नकाशिमा को 1-6, 6-3, 6-4 से हराया।जैक ड्रेपर ने लूसियानो डारडेरी को 7-5, 6-1 से मात दी। अब उनका सामना टॉमस माचाक से होगा जिसने ग्रिगोर दिमित्रोव को 6-7, 6-4, 6-3 से मात दी। शीर्ष वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव दूसरे क्वार्टर फाइनल में लोरेंजो मुसेत्ती से खेलेंगे।



## ऑस्ट्रेलिया दौरा : हर्षित, नीतीश रेड्डी भारतीय टीम में नया चेहरा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली के तेज गेंदबाज हर्षित राणा और आंध्र के आलराउंडर नीतीश रेड्डी को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए रोहित शर्मा की अगुआई वाली 18 सदस्यीय भारतीय टीम में पहली बार शामिल किया गया।ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए मोहम्मद शमी टीम में नहीं हैं जबकि कुलदीप यादव को कमर की चोट के लिए लंबे समय तक रिहैबिलिटेशन की सलाह दी गई है।

न्यूजीलैंड श्रृंखला के लिए चुनी गई टीम से अक्षर पटेल को बाहर कर दिया गया है। पुणे में चल रहे टेस्ट में 11 विकेट लेने वाले वाशिंगटन सुंदर को टीम में शामिल किया गया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए कर्नाटक के तेज गेंदबाज विशाक विजयकुमार और पंजाब के बल्लेबाज रमनदीप सिंह को शामिल किया गया है जबकि तेज गेंदबाज मयंक यादव फिर से चोटिल हो गए हैं। सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन को कप्तान रोहित शर्मा के कवर के तौर पर चुना गया।



### भारत की टेस्ट और टी-20 टीम



**टेस्ट टीम :** रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप कप्तान), यशस्वी जयसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर) , आर अश्विन, आर जड़ेजा, मो. सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, नीतीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर।
रिजर्वः मुकेश कुमार, नवदीप सैनी, खलील अहमद।
**टी-20 टीमः** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, विशाक विजयकुमार, आवेश खान, यश दयाल।

### टेस्ट खेलने का सपना छोड़ना अन्याय होगा

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों की क्रिकेट के स्टार ग्लेन मैक्सवेल ने भले ही सात साल से 'बैगी ग्रीन' नहीं पहनी हो, लेकिन इस 36 साल के खिलाड़ी ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में खेलने की लालसा अब भी उनके अंदर है और अगर वह अपने इस सपने को त्याग देते हैं तो यह उस युवा मैक्सवेल के साथ अन्याय होगा जिसने लंबे प्रारूप में खेलने का सपना देखा था। मैक्सवेल ने सीमित ओवरों की क्रिकेट में अपनी विशेष छाप छोड़ी है लेकिन वह अभी तक केवल सात टेस्ट मैच भी खेल पाए हैं। उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट में 2017 में ऑस्ट्रेलिया के बांग्लादेश दौरे के दौरान खेला था।



## शकील का शतक, इंग्लैंड का शीर्ष क्रम लड़खड़ाया

एजेंसी ▶▶| रावलपिंडी

सौद शकील के शतक की मदद से पहली पारी में बढ़त हासिल करने वाली पाकिस्तान की टीम ने इंग्लैंड के शीर्ष क्रम को लड़खड़ा कर शुक्रवार को यहां तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच में अपनी पकड़ मजबूत कर ली। बाएं हाथ के बल्लेबाज शकील ने धैर्य बनाए रखने का अच्छा नमूना पेश करते हुए 223 गेंद पर 134 रन की शानदार पारी खेली। इससे पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 344 रन बनाकर 77 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की।

पहली पारी में 267 रन बनाने वाले इंग्लैंड ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में तीन विकेट पर 24 रन बनाए थे और वह अभी पाकिस्तान से 53 रन पीछे है। इंग्लैंड की आक्रामक शैली को कुंद करने के लिए विशेष रूप से तैयार की गई शुष्क पिच पर पाकिस्तान के स्पिनरों ने फिर से कमाल दिखाया। अपने बल्लेबाजी कौशल से इंग्लैंड को निराश करने वाले स्पिनर साजिद खान और नोमान अली ने क्रमशः बेन डकेट और जैक क्रॉली को पगबाधा आउट किया। ओली पोप का खराब प्रदर्शन जारी रहा। उन्होंने नोमान की गेंद पर आसान कैच दिया।



### दिल्ली को मजबूती देगी हर्षित की मौजूदगी

**नई दिल्ली।** तेज गेंदबाज हर्षित राणा की मौजूदगी निश्चित रूप से दिल्ली के लिए मनोबल बढ़ाने वाली होगी क्योंकि टीम का लक्ष्य शनिवार से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी के ग्रुप डी के मुकाबले में असम के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना है। हर्षित टीम में नवदीप सैनी की जगह लेंगे जो भारत ए के ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर गए हैं। लेकिन बल्लेबाजी विभाग में आयुष बडोनी और अनुज रावत (दोनों ओमान में एमर्जिंग एशिया कप में खेल रहे) की अनुपस्थिति से मेजबान टीम को काफी नुकसान होगा क्योंकि वह ऐसी टीम के खिलाफ जीत की उम्मीद कर रही है जिसके मुख्य खिलाड़ी रियान पराग इस मुकाबले में नहीं खेलेंगे।



### डिफेंडर वेयर एसजी पाइपर्स में शामिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली एसजी पाइपर्स ने शुक्रवार को कहा कि उसने हॉकी इंडिया लीग के आगामी सत्र के लिए ऑस्ट्रेलियाई डिफेंडर कोरी वेयर को टीम में शामिल किया है। अठाईस वर्षीय वेयर को साथी ऑस्ट्रेलियाई फ्लिन ओगिल्वी की जगह टीम में जगह मिली जिन्होंने व्यक्तिगत कारणों से लीग से हटने का फैसला किया है। वेयर के शामिल होने से एसजी पाइपर्स का डिफेंस लाइन अप मजबूत होगा। एसजी स्पोर्ट्स के मीडिया एवं एंटरटेनमेंट सीईओ महेश भूपति ने एक बयान में कहा, 'हम कोरी का दिल्ली एसजी पाइपर्स परिवार में स्वागत करते हैं। वह हमारी टीम को मजबूती प्रदान करेंगे क्योंकि वह मजबूत डिफेंडर हैं और उनके आने से हमारी बैकलाइन मजबूत होगी।'

### हमें पहली पारी में रन जुटाने की जरूरत

**पुणे।** गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने स्वीकार किया कि पहली पारी में बल्लेबाजों की रन बनाने में लगातार असफलता टीम को महंगी पड़ रही है जिससे भारत पर 2012-13 के बाद से घरेलू मैदान पर पहली टेस्ट श्रृंखला गंवाने का खतरा मंडरा रहा है। पहले टेस्ट की पहली पारी में 46 रन पर ढेर होने के बाद भारतीय टीम शुक्रवार को दूसरे टेस्ट के पहले दिन महज 156 रन पर सिमट गई जिससे न्यूजीलैंड ने मैच पर पूरी तरह से शिकंजा कस लिया। मोर्कल ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'मुझे बल्लेबाजों और गेंदबाजों के बीच कभी भी टकराव पसंद नहीं है। लेकिन टेस्ट क्रिकेट में आपको पहली पारी में रन बनाने की जरूरत होती है।'



## इंग्लैंड, जर्मनी समेत 24 देश खेलेंगे पहला खोखो विश्व कप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंग्लैंड, जर्मनी, नीदरलैंड और अमेरिका समेत 24 देश यहां इंदिरा गांधी स्टेडियम पर 13 से 19 जनवरी तक होने वाले खोखो विश्व कप में भाग लेंगे। चैंपियनशिप में अफ्रीका के घाना, कीनिया, दक्षिण अफ्रीका और युगांडा जैसे देश होंगे तो एशिया से भारत, बांग्लादेश, भूटान, इंडोनेशिया, ईरान, मलेशिया, नेपाल, पाकिस्तान, दक्षिण कोरिया और श्रीलंका नजर आएंगे।

यूरोप से इंग्लैंड, जर्मनी, नीदरलैंड और पोलैंड जबकि उत्तरी अमेरिका से कनाडा और अमेरिका, दक्षिण अमेरिका से ब्राजील और पेरू, ओशियाना से आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड खेलेंगे। टूर्नामेंट महिला और पुरुष वर्ग में होगा और दोनों में 16-16 टीमें भाग लेंगी। भारतीय खोखो महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने कहा, 'इस ऐतिहासिक चैंपियनशिप से खोखो घरेलू खेल से वैश्विक बन जाएगा। भारत इस क्रांति का अगुआ होगा और वैश्विक खेलों के इकोसिस्टम में खोखो को जगह दिलाने के लिए यह विश्व कप अहम रहेगा।'





### भारत से पांच साल पहले मिली हार ज्यादा दुखदाई

**सिडनी।** आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस का मानना है कि भारत के हाथों 2018 . 19 की टेस्ट श्रृंखला में मिली हार 2020-21 में उनकी कप्तानी में मिली हार से अधिक दुखदायी थी। विराट कोहली की कप्तानी में भारत ने 2018-19 में आस्ट्रेलिया को 2-1 से हराया था। कोहली और चेतेश्वर पुजारा उस जीत के सूत्रधार रहे थे। वहीं 2020-21 में भारतीय टीम ने श्रृंखला 2-1 से जीती। कमिंस ने कहा, 'मुझे लगता है कि 2018-19 की हार सबसे बुरी थी क्योंकि हम हर विभाग में कमतर साबित हुए थे। 2020-21 में तो हमने कड़ी चुनौती दी थी। भारत ने गाबा टेस्ट में शानदार प्रदर्शन किया था।'

खुद को विश्व स्तर के खिलाड़ी के रूप में स्थापित किया

## एरिगैसी वर्ल्ड नंबर 3 बनने वाले दूसरे भारतीय ग्रैंडमास्टर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी शतरंज की दुनिया में खूब नाम कमा रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में उनका प्रदर्शन शानदार रहा है और इसका फायदा उन्हें रैंक में मिला है। लाइव रेटिंग में फैबियानो कारुआना को पछाड़ते हुए अर्जुन वर्ल्ड नंबर तीन की करियर-उच्च विश्व रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। इससे पहले भारत के महान शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद तीसरी रैंकिंग पर पहुंचे थे। 2003 में जन्मे अर्जुन ने पहले ही खुद को विश्व स्तर पर शीर्ष खिलाड़ियों में से एक के रूप में स्थापित कर लिया है और उनका वर्तमान फॉर्म उनके समर्पण, कौशल और निरंतर सुधार के बारे में बताता है।

हाल ही में अर्जुन ने भारत की ऐतिहासिक शतरंज ओलंपियाड जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। हंगरी के बुडापेस्ट में अर्जुन का प्रदर्शन शानदार रहा था। भारत के लिए तीसरे बोर्ड पर खेलते हुए उन्होंने 11 राउंड में नौ जीत और दो ड्रॉ दिए, जिससे भारत की टीम की जीत में महत्वपूर्ण योगदान मिला। 2968 एलो की उनकी प्रदर्शन रेटिंग टूर्नामेंट में सर्वोच्च में से एक थी और उन्होंने कुल 19.2 रेटिंग अंक अर्जित किए। इस शानदार प्रदर्शन के साथ वह 2797.2 एलो की लाइव रेटिंग के साथ फैबियानो कारुआना को पछाड़ते हुए वर्ल्ड नंबर तीन की करियर-उच्च विश्व रैंकिंग पर पहुंच गए।




### शतरंज शैली काफी विकसित

अर्जुन की शतरंज शैली पिछले कुछ वर्षों में काफी विकसित हुई है। उन्हें शुरू में एक स्थितिगत खिलाड़ी के रूप में जाना जाता था, लेकिन धीरे-धीरे उन्होंने अपने खेल को समझा और कई सुधार किए और अब दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों में उनका नाम आता है। अर्जुन के ग्रैंडमास्टर बनने का सफर बहुत कम उम्र में शुरू हो गया था। उन्होंने 2017 में अपना अंतरराष्ट्रीय मास्टर खिताब अर्जित किया था और एक साल बाद 14 साल की उम्र में अपना ग्रैंडमास्टर खिताब हासिल किया। वह 14 साल की उम्र में विश्व युवा शतरंज चैंपियनशिप में अंडर -2017 डिवीजन में उपविजेता बने थे।

### हर तरह के शतरंज में माहिर हैं अर्जुन

अपने करियर के शुरुआती वर्षों में अर्जुन क्लासिकल शतरंज में 2500 रेटिंग रेंज में बने रहे। उन्होंने सितंबर 2021 में पहली बार 2600 रेटिंग हासिल की और रैपिड, ब्लिट्ज और ऑनलाइन शतरंज टूर्नामेंट में सफलता हासिल करना जारी रखा। टाटा स्टील इंडिया रैपिड टूर्नामेंट में उनकी जीत और टाटा स्टील इंडिया ब्लिट्ज में उनका दूसरा स्थान हासिल करना, जहां वह केवल आर्मगेडन टाई-ब्रेक में जीएम लेवोन एरोनियन से हार गए, ने विभिन्न प्रारूपों में उनकी बहुमुखी प्रतिभा को उजागर किया।

## क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने वॉर्नर की कप्तानी पर लगा प्रतिबंध हटाया

एजेंसी ▶▶| सिडनी

डेविड वॉर्नर की कप्तानी पर लगाया गया आजीवन प्रतिबंध क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने हटा दिया है जिससे टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुका यह बल्लेबाज टी20 बिग बैश लीग में सिडनी थंडर्स की कप्तानी कर सकेगा। वॉर्नर को 2018 में दक्षिण अफ्रीका में सैंडपेपर विवाद के बाद प्रतिबंध का सामना करना पड़ा था। उनके खेलने पर भी एक साल का प्रतिबंध लगाया गया था। तीन सदस्यों की स्वतंत्र समीक्षा समिति ने वॉर्नर पर लगाया गया प्रतिबंध शुक्रवार को हटा दिया।

वॉर्नर इस महीने की शुरूआत में समिति के सामने पेश हुए थे। समिति ने एक बयान में कहा, 'वॉर्नर के जवाब काफी शालीन और सम्मानजनक थे। समिति उनकी बातों से प्रभावित हुई है और हम सभी का मानना है कि उसने पूरी ईमानदारी से अपने आचरण की जिम्मेदारी ली है और उसे इसका पछतावा भी है।'



# इस धनतेरस
# ॥ शुभ मुहूर्त आया ॥
# हीरो साथ लाया

Hero GIFT
Grand Indian Festival of Trust

**लिमिटेड पीरियड ऑफ़र्स**

नकद छूट ₹4500# तक | कम डाउन पेमेंट ₹1999^ | EMI ₹1999^ से शुरू



फेस्टिव एक्स-शोरूम प्राइस®
~~₹69,668~~ ₹64,168
HF DELUXE SELF START

नई HF-Deluxe

Toll Free Number: 1800 266 0018

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

$ADDITIONAL CASH DISCOUNT AVAILABLE ON Flipkart amazon

`INSTANT CASHBACK AVAILABLE ON HDFC BANK pine labs PAY LATER

**Special offers for CSD/CPC/Corporate employees. Reach us at: institutionalsales@heromotocorp.com**

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. #Offer amount may vary for model/variant and states. For more details, please visit your nearest authorised Hero outlet. Offer is for a limited period or till stock lasts. `The 5% cashback upto ₹5000/- is applicable on minimum transaction of ₹40,000, subject to the credit card company's, T&Cs. ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. ®Festive Ex-showroom price of HF Deluxe Self including cash bonus in Raipur. Flipkart and Amazon offers are subject to the sole discretion & T&Cs of respective organisations. **Offer valid only on purchase of new Hero HF Series Two-wheeler in Rajasthan and Madhya Pradesh state only, during the Campaign Period - 21st to 28th October 2024.

**अधिकृत डीलरः** रायपुरः छत्तीसगढ़ हीरो, 9289922351, आरसन हीरो, 9289922864, राजधानी हीरो, 9289922414, राजनांदगांवः जय हीरो, 9289922357, धमतरीः सत्योम हीरो, 9289922525, कांकेरः राहुल हीरो, 9289922834, महासमुंदः वत्स हीरो, 9289922623, बलोदाबाजारः अग्रवाल हीरो, 9289922959, आरंगः श्री राम हीरो, 9289922968, बेमेतराः श्री सांई हीरो, 9289922835, कवर्धाः सरस्वती हीरो, 9289922958, जगदलपुरः विजयपाल हीरो, 9289923064, दंतेवाड़ाः जय विजय हीरो, 9289922990, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो, 9289922983, भाटापाराः कुशल हीरो, 9289923052, भिलाईः इंडियन हीरो, 9289922355, दुर्गः उत्सव हीरो, 9289923114, उत्सव हीरो (स्टेशन रोड), 7000595300, **एसोशिएट डीलरः** रायपुरः संजय ऑटोव्हील, 9289924245, 0771-4266555, पंडरियाः ललित सर्विसेज़, 8770383767, भनपुरीः ओम ऑटो एजेंसी, 6261535855, दोमुहानीः किरण मोटर्स, 9754069392, लवनः गणपति ऑटो, 9926601111/9340379300, भिंभौरीः श्री राम मोटर्स, 8462900028/9340005833, गुरूरः श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458/7224880123, बोडलाः विक्की मोटर्स, 9755583102, पांडातराईः शक्ति ऑटोमोबाइल्स, 9179035073, अभनपुरः राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरियाः अंकित ऑटो, 9425240565, नवागढ़ः श्री मोटर्स, 9165525555/9009866899, राजिमः गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स, 9977280000, खरोराः अग्रवाल मोटर्स, 9424212141, सरायपालीः बंसल ऑटो, 9425513611, डोंगरगढ़ः युवराज मोटर्स, 8085160380, तिल्दाः आरसन मोटर्स, 9340335266, नगरीः हर्ष ऑटो, 8109502100, पाटनः दिव्या ऑटो, 9893492107, बागबाहराः प्रियंका ऑटोकेयर, 9131058752, कोण्डागांवः आहूजा ऑटोमोबाईल्स, 9131794017/9993861888, नारायणपुरः गुरुनानक ऑटो, 9425596290, केशकालः साहिल ऑटो सेल्स, 9893199247, झगरंडीः किरन ऑटोकेयर, 9754069392, फरसगांवः राजा ऑटोमोबाईल्स, 9425594144, बेरलाः कोन्हा मोटर्स, 98931058752/6260472025, कसडोलः बजरंग मोटर्स, 9425511973, बालोदः नैन ऑटोकेयर, 9425563502, लिमतराः माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स, 9301361155, गरियाबंदः छत्तीगढ़ ऑटो केयर, 8319358443, चरोदाः सत्यम ऑटोमोबाईल्स, 9977155055, गुंदरदेहीः एम.एम. ऑटो, 9893542300/ 8720051135, जामुलः जय अम्बे ऑटो एजेंसी, 9826386346, रिसालीः भारत मोटर्स, 9993417123, फिंगेश्वरः अभिषेक ऑटो, 9977737000/9300093200, भिलाई-3: महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरुदः शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, भानुप्रतापपुरः संस्कार मोटर्स, 8085053343/7898813343, गोहरा पादरः गोविंद ऑटो केयर, 9303664769, इरपिनारः अंशु ऑटो, 6261421161, **डीलर एक्सटेंशन काउंटरः** रायपुरः आरसन हीरो (फाफाडीह), 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला): इंडियन हीरो, 0788-4911301, 8305597651, **ऐडिशनल वर्कशॉपः** रायपुरः आरसन मोटर्स (फाफाडीह), 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा), 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, **जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्टः** संजय ऑटोमोबाईल्स, 2226732/7474, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुरः आरसन हीरो, 9285052266, भिलाईः इंडियन हीरो, 9289922355, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो, 9289922983

FCB INTERFACE/6878/OCT2024/HINDI

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com